26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 28 जुलाई, 2026

अंक- 274 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16


# जल्द हाथ में होंगे 10 और 20 के प्लास्टिक नोट

## सरकार की मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** देश में जल्द 10 रुपये और 20 रुपये की वैल्यू वाले पॉलिमर नोट यानी प्लास्टिक के करेंसी नोट देखने को मिलेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपनी मंजूरी दे दी है। सरकार की ओर से संसद में ये महत्वपूर्ण जानकारी शेयर की गई। जानकारी के मुताबिक, इन मूल्य के करेंसी नोटों को सबसे पहले फील्ड ट्रायल के लिए जारी किया जाएगा और इसके सफल होने पर नियमित किया जाएगा। सरकार ने बताया है कि 10 और 20 के 100-100 करोड़ (एक-एक अरब) पॉलिमर नोटों का फील्ड ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल सफल होने के बाद इन प्लास्टिक नोट को नियमित जारी करने की योजना है। साथ ही ये भी साफ किया गया है कि वर्तमान में सर्कुलेशन में मौजूद कागजी नोटों पर इसका कोई असर नहीं होगा। यानी कागजी नोट बंद नहीं होंगे, बल्कि ये पॉलिमर नोटों के साथ ही बाजार में मौजूद रहेंगे। सरकार की ओर से कहा गया है कि फिलहाल कागजी करेंसी को पूरी तरह पॉलिमर नोटों से बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- नाबालिग प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करें

## छात्रों का आंदोलन शांतिपूर्ण था, जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने वालों पर कार्रवाई हो



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** आज सुप्रीम कोर्ट में कॉकरोच जनता पार्टी के छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि छात्रों का प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था और प्रदर्शन करना उनका संवैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने वालों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई होगी। साथ ही 18 साल से कम उम्र के उन प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करने का निर्देश दिया, जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि पहली नजर में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की जरूरत दिखती है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि छात्रों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन कानून तोड़ने वालों को सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि 250 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि स्वतंत्र जांच से प्रदर्शनकारियों और पुलिस, दोनों पक्षों के आरोपों की निष्पक्ष जांच होगी। मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त को होगी।

### सभी प्रदर्शनकारियों की एफआईआर वापस होंगी, सरकार से बात हुई- सीजेपी

कॉकरोच जनता पार्टी ने बताया कि सभी प्रदर्शनकारियों की एफआईआर वापस होंगी। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास और रत्ना ने सोमवार रात एक बजे वीडियो जारी कर यह जानकारी दी। सौरव ने बताया कि सरकार के प्रतिनिधि (दिल्ली पुलिस के अफसर) मिलने आए थे। हमने उन्हें बताया कि आशंका है कि सरकार ने जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं होंगे। उन्होंने बिहार सरकार के गृह विभाग की प्रेस रिलीज दिखाई।

## लोकसभा में आज भी बाधित रहा प्रश्नकाल

लोकसभा में आज भी विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल बाधित रहा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने सदन की ओर से खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिश्रम और उपलब्धियों की सराहना की। इस दौरान विपक्षी दलों के सदस्य अपनी-अपनी सीटों पर खड़े होकर अपनी बात रखने का प्रयास करने लगे। इस पर श्री बिरला ने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान केवल जनहित से जुड़े प्रश्न और मंत्रियों के उत्तर ही लिए जाने चाहिए।










# बकायादारों पर तहसील प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## बीमा कंपनी से वसूले 59.05 लाख रुपये

**बिजनौर (चिंगारी)।** सदर राजस्व वसूली अभियान के तहत तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना के मार्गदर्शन में तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 59,05,725 रुपये की वसूली करवाई। यह राशि एमएसीटी (न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा

### राजस्व वसूली अभियान के तहत एमएसीटी के आदेश पर हुई कार्रवाई, बीकानेर एक्सिस बैंक खाते को किया गया सीज



अधिकरण, बीकानेर) के आदेश के तहत प्रमोद कुमार आदि के पक्ष में कंपनी से वसूली के लिए जारी 59,24,868 रुपये के मांग-पत्र के बाद जमा कराई गई। तहसील प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते 59,05,725 रुपये एक्सीडेंट क्लेम खाते में जमा करवाए गए। कार्रवाई की जानकारी सामने आने के बाद बकायादारों में हड़कंप मच गया। शहर संग्रह अमीन सूरजमल के मुताबिक, कंपनी का बीकानेर एक्सिस बैंक में संचालित खाता उपजिलाधिकारी के आदेश पर सीज करने की कार्रवाई अमल में लाई गई थी। खाता सीज किए जाने की कार्रवाई से इंश्योरेंस कंपनी में भी हड़कंप मच गया। तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना ने कहा कि बकाया वसूली अभियान में सहयोग नहीं करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वसूली कार्य में किसी भी स्तर पर राजनीतिक हस्तक्षेप या किसान नेताओं की दखलंदाजी स्वीकार नहीं की जाएगी।

# धूमधाम से मनाई महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती

## अवकाश घोषित करने की उठी मांग

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** नगीना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में राष्ट्रीय प्रजापति महासभा (रजि.) के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक रवि प्रजापति की अध्यक्षता में भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि अनूप बाल्मीकि ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति ब्रह्माजी के मानस पुत्र थे और सृष्टि संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति केवल प्रजापति समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के लिए पूजनीय हैं। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजपाल प्रजापति ने कहा कि आज समाज में जागरूकता बढ़ रही है और देशभर में भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती उत्साहपूर्वक मनाई जा रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष रवि प्रजापति ने समाज को संगठित एवं शिक्षित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्य अतिथि अनूप बाल्मीकि से भगवान महाराजा

### ग्राम मुस्सेपुर में भव्य आयोजन

दक्ष प्रजापति जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित कराने के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार के समक्ष समाज की मांग रखने का आग्रह किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रजापति (कुम्हार) समाज लंबे समय से भाजपा का समर्थन करता आया है, इसलिए समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए जयंती पर अवकाश घोषित किया जाना चाहिए।

### इनकी भी उपस्थिति रही

**कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह प्रजापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुशील कुमार प्रजापति, गौतम प्रजापति, भाजपा मंडल महामंत्री डॉ. टीकम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी रानी, अंकुल प्रजापति, राघव प्रजापति, वेदपाल प्रजापति, चंद्रपाल सिंह प्रजापति, चंद्रभान प्रजापति, रमेश प्रजापति, विनोद प्रजापति, सत्यपाल सिंह प्रजापति, उदयभान प्रजापति, नेत्रराम प्रजापति, पीतम प्रजापति (पप्पू भाई) सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।**



# गौ माता को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग, 2.51 लाख हस्ताक्षरों की प्रति डीएम को सौंपी



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय संतों एवं हिंदू धर्मगुरुओं के आह्वान पर चलाए जा रहे राष्ट्रीय गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को हिंदू समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। इस दौरान 2,51,850 लोगों के हस्ताक्षरों की प्रतिलिपि एवं डिजिटल पेन ड्राइव जिलाधिकारी को सौंपी गई। अभियान के तहत मांग की गई कि वेदलक्षणा गौ माता को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए और गौ आधारित सनातन संस्कृति के मूल्यों को पुन: स्थापित किया जाए। साथ ही भारतीय नस्ल के गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए केंद्रीय गौ रक्षा मंत्रालय के गठन तथा देशभर में गोचर एवं अभयारण्य की भूमि को मुक्त कराने की मांग भी उठाई गई। प्रतिनिधियों ने कृषि में अंधाधुंध पेस्टिसाइड एवं रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम कर गोबर, गोमूत्र, गो-आधारित उत्पाद एवं जैविक खाद के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की मांग की। उनका कहना है कि इससे कृषि एवं खाद्य पदार्थों को विषमुक्त करने के साथ गौ संवर्धन, गौपालक किसानों की आय बढ़ाने और जैविक खेती को लाभदायक बनाने में मदद मिलेगी। इस राष्ट्रव्यापी अभियान में हिंदू समाज की विभिन्न संस्थाओं, किसान संगठनों, धार्मिक एवं आध्यात्मिक संगठनों सहित राजनीतिक और सामाजिक संगठनों का समर्थन बताया गया। इस अवसर पर दीपक सैनी, गौरव सैनी, राघव खेड़ा, सौरभ शर्मा, अरुण चौधरी, आशीष बालियान, जितेंद्र चौधरी, कैलाश उपाध्याय, जयप्रकाश, राजपूत सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग एवं विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रताप सिंह को स्टेशन रोड के व्यापारियों का संरक्षक मनोनीत किया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की एक सभा स्टेशन रोड पर मैसर्स अमीश इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि कपिल सर्राफ जिलाध्यक्ष रहे। सभी व्यापारियों ने कपिल सर्राफ का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने अमीश इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक प्रताप सिंह रिटायर इनकम टैक्स अधिकारी को मनोनयन पत्र एवं फूल माला पहनाकर स्टेशन रोड व्यापारियों का संरक्षक मनोनीत किया। संरक्षक प्रताप सिंह का स्वागत किया गया। श्री सर्राफ ने कहा कि प्रताप सिंह के संगठन में जुड़ने से व्यापारियों को बल मिलेगा। संगठन और मजबूत होगा। प्रदेश मंत्री डॉक्टर राजीव अरोड़ा ने कहा कि हमारा संगठन व्यापारियों का नंबर 1 संगठन है, जिसमें व्यापारी अन्य व्यापार मंडल छोड़कर बहुत बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। व्यापारियों का उनके संगठन पर विश्वास है कि इस संगठन में व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष पंकज वर्मा एवं संचालन शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने किया। इस मौके पर मुकीम कुरैशी, रईस कुरैशी, युवा अध्यक्ष शेर अली, संरक्षक सुशील कुमार, मोहम्मद आसिफ, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा, मोहम्मद जावेद, धीरज झा, मोहम्मद आसिफ, दानिश अंसारी, मोहम्मद शाकिब सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।



# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना



बिजनौर के रामलीला ग्राउंड में भरा बारिश का पानी।



## फसलों के लिये वरदान

बिजनौर ( चिंगारी ) । कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बाद कल व आज मौसम की पहली झमाझम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई। तेज बारिश से जिससे मौसम खुशनुमा हो गया।

बारिश के चलते लोगों को तपती धूप और पसीने से राहत मिली तथा तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। ऐसे में कई बच्चे बारिश का आनंद लेते हुए भीगते-भीगते स्कूल पहुंचे। बच्चों के चेहरों पर बारिश की खुशी साफ दिखाई दे रही थी।

वहीं किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं मानी जा रही है। खेतों में खड़ी फसलों को इसका लाभ मिलेगा तथा आगामी खरीफ फसलों की बुवाई के लिए भी यह वर्षा काफी उपयोगी साबित होगी।

बारिश से जहां एक ओर लोगों ने राहत की सांस ली, वहीं दूसरी ओर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली और ताजगी का माहौल देखने को मिला। दूसरी ओर शहर में सड़कों पर जगह-जगह जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। कई कॉलोनियों में भी पानी भर जाने से काफी नुकसान हुआ।

## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम MOHD YUSUF और पिता जी का नाम SARDAR ALI हैं, जो कि गलत हैं। मेरा सही नाम MOHD YOUSUF KHAN और पिताजी का नाम SARDAR ALI KHAN है। यही नाम ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज किया जाए । Mohd yousuf khan, C621 Work Charge Colony KALA-GARH , Distt PAURI GARHWAL




## मूसलाधार बारिश से मुगलूशाह में हुआ जलभराव

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर में आज सुबह हुई मूसलाधार बारिश से नगर के अजमल खां मार्ग स्थित मौहल्ला मुगलूशाह में जलभराव हो गया। जलभराव से मौहल्ले के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौहल्लावासियों का कहना है कि काफी वादों के बाद भी स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि उनके इलाके की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या का समाधान नहीं करा पाए है। मूसलाधार बारिश से कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी से लोगों को काफी हद तक राहत मिली। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। बारिश के बाद बिजली के वोल्टेज व आपूर्ति में भी सुधार हुआ। बारिश से नगर के बाजार सूने हो गये।

## सूचना

मेरा नाम Pradeep Kumar Chauhan S/o Kishan Singh निवासी ग्राम जसवन्तपुर उर्फ लुकादड़ी, पो. चन्दनपुरा, तहसील नजीबाबाद बिजनौर है, जो सही है। मेरी पुत्री Ritika Chauhan के आधार कार्ड व विद्यालय के अभिलेखों में मेरा नाम Pradeep Chauhan लिखा गया है। जो गलत है। मुझे अपनी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में अपना वास्तविक नाम Pradeep Kumar Chauhan दर्ज कराना है।



**भली लगे या बुरी ...**

## एकजुट विपक्ष, भाजपा विवश

भारतीय जनता पार्टी, जो हमेशा विपक्ष पर हमलावर रहती है, और मोदी सरकार जिसने 12 साल तक पीछे मुड़कर नहीं देखा, आज सुरक्षात्मक रणनीति पर चलने को विवश है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के साथ मोदी सरकार ने सम्भवतः यह सोच रखा था कि पेपर लीक आंदोलन यहीं पर थम जायेगा, संसद की कार्यवाही फिर से पटरी पर आ जायेगी और वह पहले से ही तैयार अपने संसदीय एजेंडे पर आगे बढ़ सकेगी, परन्तु लगता है कि वह इसमें पूरी तरह सफल होने नहीं जा रही है। कांग्रेस और समूचा विपक्ष अब छात्र आंदोलन के दौरान बड़े पैमाने पर पुलिस उत्पीड़न का मुद्दा उठा रहे हैं और इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। दरअसल, नये सबूतों के अनुसार छात्रों पर न केवल पुलिस ने पैलेट गन से भी हमले किये, बल्कि बिहार के सीवान में तो पुलिस पर एके 47 जैसी अत्यंत खतरनाक बंदूक इस्तेमाल करने का आरोप है। इसके चलते अनेक छात्र अभी भी अस्पतालों में हैं। यह भी कहा जा रहा है कि सरकार ने किसी भी आंदोलनकारी छात्र के खिलाफ कानूनी कार्यवाही न करने का आश्वासन दिया था, परन्तु अब विभिन्न मामलों में उनको अलग-अलग जगहों पर परेशान किया जा रहा है। इसी बीच, आम आदमी पार्टी ने कहा है कि वह ई-20 ( एथेनॉल युक्त पेट्रोल ) का मुद्दा भी उठाने जा रही है। सोशल मीडिया पर जब इसके लिए परिवहन मंत्री गडकरी को जिम्मेदार ठहराया गया तो उन्होंने साफ-साफ कहा कि यह मामला तो पेट्रोलियम मंत्रालय का है। जाहिर है कि कहीं न कहीं मंत्रिमण्डल में भी बेहतर तालमेल नहीं है, जिसके लिए वह अभी तक जाना जाता रहा है। विपक्ष तो पहले से ही हमलावर है और अब कॉकरोच जनता पार्टी भी सरकार से कई मुद्दों पर संतुष्ट नहीं है। हालांकि, फिलहाल संसद में नये शिक्षा विधेयक पर बहस के लिए विपक्ष भी सहमत हो गया है, परन्तु निकट भविष्य में नये मुद्दों के सड़क पर चर्चित होने से इनकार नहीं किया जा सकता क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया है कि प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन जनता का अधिकार है। इन सबको देखते हुए बैकफुट पर है और वर्तमान समय में अपने खिलाफ एक और मोर्चा नहीं खुलने देना चाहती।

# गांव से लौटते हुए

## सिर्फ काव्य संग्रह नहीं, एक आत्मिक अनुभव

### पुस्तक समीक्षा

डॉ. पारुल तोमर का सद्यः प्रकाशित कविता संग्रह 'गांव से लौटते हुए' पढ़ना प्रारंभ किया। एक-एक कर सभी कविताएं पढ़ डालीं। पढ़कर अहसास हुआ कि इस संग्रह की प्रत्येक कविता, मात्र कविता नहीं है, बल्कि वह अपने आप में एक पूर्ण कहानी समाहित किए हुए है। पुस्तक अपने नाम के अनुरूप पूर्णतः ग्रामीण परिवेश, सभ्यता और संस्कृति के वर्णन से संवर्धित है। इस संग्रह में 64 कविताएं हैं। जो देश की लगभग सभी ऋतुओं, त्यौहारों, फसलों, खेत-खलिहानों, पगडंडियों, श्रमिक, मानव-जीवन रिश्तों और परंपराओं से जुड़ी हुई हैं। कवयित्री ने ग्रामीण परिवेश, संस्कृति के किसी भी कौने को रिक्त नहीं छोड़ा है, जिसे अपनी क़लम से स्पर्श न किया हो। प्रथम कविता 'गांव से लौटते हुए' पूर्णतः शीर्षक को सार्थक करती है। इस कविता में मायके से ससुराल के लिए विदा होती पुत्री की भावनाओं को बहुत ही खूबसूरत ढंग से प्रस्तुत किया गया है, कैसे माता-पिता विदा होती पुत्री को अपनी फसल का अन्न व फल पोटलियों में बांधकर अपने आशीर्वाद और स्नेह के साथ अपनी पुत्री को समर्पित करते हैं। दादी, माता-पिता की महानता और उदारता की तुलना पिता को पहाड़ और मां को नदी बताकर करती हैं, जो किसी को भी खाली हाथ नहीं लौटने देते।




**पुस्तक : गांव से लौटते हुए**
**लेखिका- पारूल ( डॉ. पारुल तोमर )**
**प्रकाशक- किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली**
**प्रकाशन- 2026**
**मूल्य- 300/- रुपये**

डॉ. पारुल ने इस संग्रह की प्रत्येक कविता में गांव की सरलता, रिश्तों की गरमाहट, मिट्टी के प्रति प्रेम, समर्पण, और श्रम को बड़े ही संवेदनशील और सुंदरता से कविताओं में पिरोया है। बचपन की यादें, खेतों की खुशबू, मिट्टी की सौंधी महक खूबसूरत चित्र उपस्थित करते हैं। ऐसा लगता है मानो प्रत्येक कविता की प्रत्येक पंक्ति दिल से निकली है। यह संग्रह मन की कोमल यात्रा है जो हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, अपने अतीत को समझने और वर्तमान जीवन की दिशा पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है। यह सिर्फ काव्य संग्रह नहीं, बल्कि एक आत्मिक अनुभव है।

वहीं कवयित्री की अभिलाषा संस्कृति को हर युग में संजोकर रखने की है, क्योंकि संस्कृति जीवन की आत्मा है। आदि से अनंत तक अक्षय है, वह भविष्य के लिए मानवता का कोष है। डाकिए का चिट्ठियां बांटते-बांटते लोगों के सुख-दुःख में शामिल हो जाना, अपने मीठे शब्दों के द्वारा उनके दुःख और उदासी को कम करने की कोशिश करना कवयित्री की संवेदनशीलता और मनुष्य से मनुष्यता के संबंध को प्रदर्शित करता है।



डॉ. पारुल तोमर की कविताएं आधुनिकता की अंधी दौड़ में छूटती जा रही सादगी और आत्मीयता की ओर लौटने का आमंत्रण देती हैं। यही कारण है कि यह संग्रह पाठक को केवल पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि भीतर तक महसूस करने के लिए विवश करता है। सचमुच, गांव से लौटते हुए माटी की महक, मन की कोमलता और मनुष्यता की ऊष्मा से रचा गया एक अद्भुत काव्य-उत्सव है। यह कृति केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि अनकहे भावों का सजीव चित्रण है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह कविता-संग्रह ग्रामीण परिवेश के साथ ही साथ शहर में जीवनयापन करते मानव और साहित्य जगत में अपनी सहजता और सरलता के कारण विशिष्ट स्थान बनाएगा। डॉ. पारुल को इस संग्रह के लिए बधाई और ढेर सारी शुभकामनाएं।

**-मीरा सिंह ( पूर्व प्रधानाचार्या )**
**( कैप्टन लाल सिंह एकेडमी )**

## नगर पालिका ने अभियान चलाकर 20 आवारा कुत्तों को पकड़ा

**शेरकोट ( चिंगारी )**। नगर पालिका द्वारा नगर में अभियान चलवाकर अलग-अलग स्थानों से 20 आवारा कुत्तों को पकड़वाया गया। पकड़े गए सभी कुत्तों को पकड़ने वाली संस्था के लोग नसबंदी और एंटी रैबीज लगाने के लिए अपने साथ बिजनौर ले गए। गौरतलब है कि पिछले कुछ माह से नगर में आवारा कुत्तों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है। कई मुहल्लों में झुंड बनाकर घूमने वाले आवारा कुत्तों ने लोगों का सड़कों पर चलना दुश्वार कर रखा है, वहीं आयेदिन बच्चों व बड़ों के कुत्तों द्वारा काटने की घटनाएं हो रही हैं। आवारा कुत्तों के सड़कों पर घूमने से भयभीत अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल व अन्य कामों के लिए घर से बाहर भेजते हुए घबरा रहे हैं। कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सोमवार की सुबह नगर पालिका द्वारा अभियान चलवाकर अलग-अलग स्थानों से 20 आवारा कुत्तों को पकड़वाया गया। कुत्ते पकड़ने वाली टीम कुत्तों को अपने वाहन से नसबंदी और एंटी रैबीज लगाने हेतु अपने साथ बिजनौर ले गई। ईओ कृष्ण मुरारी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा समय-समय पर नगर में अभियान चलवाकर बिजनौर की आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़वाने का काम कराया जा रहा है। उन्होंने बताया सोमवार को 20 कुत्तों को पकड़वाया गया है, उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार सभी कुत्तों की नसबंदी व एंटी रैबीज वेक्सीन लगवाने बाद इन्हें पुनः पकड़े गए स्थान पर लाकर छोड़ दिया जाएगा।



## खाद्य पदार्थों के नमूने जांच में मानकों पर खरे नहीं उतरे, 17 के ख़िलाफ़ वाद दायर

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जनपद में आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की गई जांच में खाद्य पदार्थों के नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। न्यायालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), बिजनौर में 24 वाद दायर किए गए हैं। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय नादिर खान ने बताया कि विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों की प्रयोगशाला जांच में कई नमूने निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत न्यायालय में वाद दाखिल किए गए हैं। जिन कारोबारियों के विरुद्ध मुकदमे दायर किए गए हैं, उनमें हल्दौर निवासी अमीचंद (गाय का दूध), शाहबाजपुर निवासी मोहम्मद खीजर व मोहम्मद असजद (मिर्च पाउडर), हल्दौर निवासी अर्जुन (हल्दी पाउडर), ग्राम पुण्डरी खुर्द निवासी राहुल राजपूत (मिश्रित दूध), बिजनौर निवासी दानिश अहमद (मिश्रित दूध), किरतपुर निवासी शाहजमाल (बूंदी लड्डू), दमुआ ढुंगा निवासी चिराग बिष्ट व अन्य (चीनी), स्योहारा निवासी मोहम्मद उस्मान (बेसन, सरसों का तेल एवं लाल मिर्च पाउडर), ग्राम मिलक निवासी मोहम्मद ईशान (चिप्स), शेरकोट निवासी मोहम्मद आतिफ (खारी), ग्राम सैदखेड़ी निवासी सुधीर राणा (पनीर), ग्राम खानपुर माधों निवासी मतेश कुमार (सफेद रसगुल्ला), ग्राम ताजपुर निवासी होशराम सिंह (सोयाबीन रिफाइंड ऑयल), ग्राम नंगली छोईया निवासी शेखर (पनीर), स्योहारा निवासी विशाल कुमार (सोयाबीन रिफाइंड ऑयल), ग्राम माहेश्वरी जट निवासी अब्दुल शमी (सोयाबीन रिफाइंड ऑयल), ग्राम फूलपुर मिठनपुर निवासी महावीर सिंह (पनीर एवं दही), चन्दक निवासी अरविन्द कुमार (मूंग दाल तैयार), ग्राम पुट्ठा निवासी विकास कुमार (मिल्क शेक), किरतपुर निवासी मोहम्मद दानिश (रसभरी) तथा ग्राम राजारामपुर निवासी संजीव कुमार व अन्य (पनीर) शामिल हैं।



## डिजिटल क्रांति का असर..

# नहटौर की गलियों में घूमते नज़र आ रहे मोटू-पतलू

मोहित शर्मा

**नहटौर ( चिंगारी )**। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल क्रांति का असर अब बड़े शहरों के साथ-साथ कस्बों और गांवों की पगडंडियों तक साफ दिखाई दे रहा है। 'लोकल फॉर वोकल' की पहल के बीच बच्चों के सबसे पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर 'मोटू-पतलू' अब नहटौर की गलियों और मोहल्लों में घूमते नज़र आ रहे हैं। क्षेत्र के स्थानीय कंटेंट क्रिएटर्स मोबाइल के आसान एआई टूल्स और एनीमेशन ऐप्स का इस्तेमाल कर ये मजेदार वीडियो तैयार कर रहे हैं। इन वीडियो में मोटू-पतलू नहटौर और आसपास के गांवों की जानी-पहचानी गलियों में घूमते, देसी अंदाज में स्थानीय बोली बोलते और लोगों से संवाद करते दिख रहे हैं। एनीमेशन बनाने वाले युवा कंटेंट क्रिएटर्स इन वीडियो को सीधे अपने गांव, नगर और मोहल्लों के नाम से जोड़कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। अपनी जानी-पहचानी जगह और लोकल टच होने के कारण क्षेत्र के लोग इन वीडियो को फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप्प पर जमकर शेयर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो में मोटू-पतलू नहटौर के बारे में चर्चा कर रहे हैं इतना ही नहीं वह बोल रहे हैं आई लव नहटौर। लोगों का कहना है कि तकनीक की आसान पहुंच ने छोटे कस्बों के युवाओं को नया मंच दिया है, जिससे स्थानीय संस्कृति और तकनीक का यह अनोखा संगम सोशल मीडिया पर काफी चर्चाओं में है।




### बस तकनीक का दुरुपयोग न हो

एआई के माध्यम से मनोरंजन के साधन दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। वहीं, दुरुपयोग होने की संभावनाएं भी पूरी है। आमजन का कहना है कि तकनीक का सदुपयोग होना चाहिए, दुरुपयोग किसी भी रूप में हानिकारक है। तकनीक पर पूर्ण रूप से निर्भरता भविष्य में बड़ा नुकसान पैदा करेगी।




## कैफ और तूबा को सम्मानित किया



**कोतवाली देहात (चिंगारी)**। मदरसा मिफ्ता उल उलूम एंड जूनियर हाईस्कूल करौंदा पचड़ू में नीट परीक्षा पास करने वाले मदरसे के छात्र हाफिज मोहम्मद कैफ़ और छात्रा तूबा अंसारी को सम्मानित किया, प्रोग्राम के मेहमानों खुसूसी मौलाना कलीम मेमन और मौलाना उस्मान अंसारी कोतवाली देहात रहे, प्रोग्राम की निजामत मास्टर जिकरूर रहमान ने की। दोनों मेहमानों ने नीट परीक्षा पास करने वाले दोनों बच्चों को और उनके परिवार के लोगों को मुबारकबाद पेश की। हाजी अल्लाह दिया फाउंडेशन के फाउंडर जियाउल हसन अंसारी ने शिक्षा पर जोड़ देते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को आगे बढ़ाना है तो हमें अपने अंदर भी सुधार लाना होगा। इस मौके पर मदरसे के मैनेजर मौलाना कबीर, डॉक्टर मोहम्मद हाशिम, शिक्षक शाकिर अंसारी, मास्टर मोइन मंसूरी, मौलाना उस्मान अंसारी, ग्राम प्रधान रिहान कुरैशी, मास्टर जिकरूर रहमान, जावेद अंसारी, मोहिउद्दीन अंसारी, हिदायत अंसारी, हाजी अकील अंसारी, शाद अंसारी आदि मौजूद रहे।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करेंगी 12 ई-रिक्शाएं


ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 12 नई ई-रिक्शाओं के संचालन का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका परिषद, धामपुर के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह व अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर इन ई-रिक्शाओं को नगर के समस्त वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए रवाना किया। नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य प्रतिदिन घर-घर से कूड़ा उठाकर शहर को साफ-सुथरा और स्वच्छ बनाना है। नई ई-रिक्शाओं के आने से कूड़ा कलेक्शन में तेजी आएगी और नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि पालिका के पास पूर्व में 10 ई-रिक्शा थीं, अब 12 ई-रिक्शा और मिल जाने से नगर में 22 ई-रिक्शाओं के द्वारा कूड़ा कलेक्शन होने से वार्ड वासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वह इन गाड़ियों का उपयोग करते हुए घरों का इकट्ठा किया हुआ कूड़ा इसी में डालें। इस दौरान नगर पालिका के पदाधिकारी, सभासद एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस की टक्कर से थ्री व्हीलर चालक घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** बीती रात पुराने धामपुर की चुंगी पर हल्द्वानी डिपो की रोडवेज बस और थ्री व्हीलर में हुई भिड़ंत में थ्री व्हीलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस में बस को थाने में लाकर खड़ा कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 10:30 बजे हल्द्वानी डिपो की रोडवेज बस हल्द्वानी से पोटा साहब जा रही थी। जब यह बस पुराने धामपुर की चुंगी के पास पहुंची, तो सामने से आ रहे थ्री व्हीलर से रोडवेज बस की टक्कर हो गई। बस के परिचालक निशांत कुमार ने बताया कि थ्री व्हीलर चालक शराब के नशे में था। टक्कर लगने के बाद उन्होंने बस से उतरकर डायल 112 पर कॉल की और घायल थ्री व्हीलर चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट सुनील कुमार ने बताया कि घायल विनीत कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी ग्राम सरकड़ा चकराजमल को प्राथमिक उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया है।

**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**
**निकट थाना कोतवाली, धामपुर**
**मनोज कात्यायन 9927500708**
**जुल्फिकार मंसूरी 9568154643**

# लापता शिक्षिका सिस्टर सजिथा अपने घर पहुंचीं



**धामपुर ( चिंगारी )।** सेंट मेरी कान्वेंट स्कूल से 22 जुलाई सुबह 5:30 बजे से लापता शिक्षिका सिस्टर सजिथा पुत्री एंथोनी का सुराग लग गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या कविता जोसेफ ने अवगत कराया कि सिस्टर सजिथा 22 जुलाई की सुबह 5:30 बजे स्कूल से बैग लेकर गई थीं। उनका धामपुर से पंजाब के लिए स्थानांतरण हो गया था। परंतु वह वहां नहीं पहुंची। इसके बाद उनकी तलाश शुरू की गई। जब वह नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई थी। उन्होंने बताया कि सिस्टर सजिथा अपने घर केरल पहुंच गई है। उन्होंने वहां से फोन करके सूचित कर दिया है। उनके सकुशल घर पहुंचने के बाद पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। कोतवाल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सिस्टर सजिथा सकुशल अपने घर पहुंच गई है।

# कन्या इंटर कॉलेज धामपुर की प्रबंध समिति के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ


कन्या इंटर कॉलेज में नामांकन पत्र खरीदते हुए दावेदार।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के पुराने कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के 5 वर्षीय कार्यकाल के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया आज झमाझम बारिश के बीच कन्या इंटर कॉलेज में प्रारंभ हो गई। जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर धर्मेंद्र कुमार सक्सेना द्वारा नामित पीठासीन अधिकारी डॉ. होरी सिंह प्रधानाचार्य चौधरी बलदेव सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल बमनोली व पर्यवेक्षक शरत कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल शाह अलीपुर नीचल शेरकोट की उपस्थिति में आज प्रात: नामांकन पत्र लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। प्रबंध समिति के चुनाव के लिए नामांकन खरीदने के दौरान उस समय रोचक स्थिति बन गई जब उपाध्यक्ष पद पर अजय कुमार माहेश्वरी ने अपने चचेरे भाई गौरव माहेश्वरी के मुकाबले नामांकन दाखिल किया। पीठासीन अधिकारी डॉक्टर होरी सिंह ने बताया कि कन्या इंटर कॉलेज की प्रबंध कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, प्रबंधक ,उप प्रबंधक, कोषाध्यक्ष व 7 कार्यकारिणी सदस्य पदों पर चुनाव होना है।

उधर, नामांकन के पूर्व ही डॉक्टर शलभ अग्रवाल व भाजपा के पूर्व जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल ने अपने पैनल की घोषणा कर दी है, जिनमें उपाध्यक्ष पद पर गौरव माहेश्वरी, प्रबंधक पद पर शलभ अग्रवाल, उप प्रबंधक पद पर आशु अग्रवाल व कोषाध्यक्ष पद पर विकास गर्ग का नॉमिनेशन करना निश्चित माना जा रहा है। प्रबंध समिति के चुनाव में कुल 322 सदस्य हैं। जिनमें से 319 मतदान करेंगे क्योंकि तीन सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है।

# 'यादे रफी' कार्यक्रम में प्रस्तुत किये उनके सदाबहार गीत

## गणमान्य व्यक्तियों को किया गया सम्मानित


रॉयल्स धामपुर के अध्यक्ष मयंक अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**धामपुर ( चिंगारी )।** महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर आरएमके भारत न्यूज़ द्वारा सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह 'यादें रफ़ी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता रहे। कार्यक्रम में नरेश सैनी, डॉ. अमित कुमार, जावेद रहमान शम्सी, राहुल शर्मा, राहुल चौधरी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को आरएमके भारत सम्मान से विभूषित किया गया, जिनमें नगर पालिका परिषद धामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजू गुप्ता, उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय जैन, रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह तथा रोटरी क्लब

## रफ़ी के गीतों ने बांधा समां

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने मोहम्मद रफ़ी के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। विधि सैनी ने रफ़ी के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि मोहम्मद राशिद, कंचन ( नूरपुर ), अरुण शर्मा, अर्जुन राजपूत, ए.के., चंदन, मनु विश्वास सहित अन्य कलाकारों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से मोहम्मद रफ़ी की यादों को सजीव कर दिया। कार्यक्रम का संयोजन सरदार मनजीत सिंह सलूजा एवं सुगम जैन ने किया, जबकि कार्यक्रम के डायरेक्टर रोमियो मयूर रहे।**

# उपचार की आधुनिक तकनीकों के कारण अब बांझपन समस्या नहीं रहा

## एम्स में मनाया गया विश्व आईवीएफ दिवस



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** बांझपन के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इसके कारण और रोकथाम के उद्देश्य से एम्स में विश्व आईवीएफ दिवस मनाया गया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में इलाज की आधुनिक तकनीकों के उपयोग से अब बांझपन समस्या नहीं रहा और आईवीएफ तकनीक के माध्यम से इसका इलाज संभव है। एम्स में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में बांझपन को दूर करने हेतु आईवीएफ एक उन्नत तकनीक है और इसके परिणाम भी बहुत अच्छे हैं। उन्होंने नि:संतान दंपतियों के लिए इस सुविधा को लाभकारी बताया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष प्रो. जया चतुर्वेदी ने बताया कि 25 जुलाई 1978 को इंग्लैंड में दुनिया की पहली आईवीएफ बच्ची लुईस जॉय ब्राउन का जन्म हुआ था। जबकि भारत में 3 अक्टूबर 1978 को पहली टेस्ट ट्यूब बेबी ने इस तकनीक से जन्म लिया था। उन्होंने कहा कि लोगों के मन से बांझपन से जुड़े डर और गलतफहमियों (मिथकों) को दूर करना की इस दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य है। कार्यक्रम में एम्स स्थित आईवीएफ केन्द्र में इलाज उपरांत जन्में कुछ शिशुओं के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को डीन रिसर्च शैलेन्द्र कुमार हांडू, डीडीए ले. कर्नल गोपाल मेहरा, डॉ. वाई.एस. पयाल, डॉ. विकास पंवार, डॉ. मधुर उनियाल, डॉ. कविता खोइवाल, डॉ. राजलक्ष्मी मुंद्रा, डॉ. ओमकुमारी, डॉ. पूनम गिल, सीएनओ डॉ. अनिता रानी कंसल सहित नर्सिंग अधिकारी और अन्य विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

# स्वार्थ की दुनिया में निस्वार्थ सेवा की मिसाल

## सुबह 6 बजे की घंटी, कौओं के लिए रोटी, चींटियों के लिए आटा

### हमारी गली में..

**हल्दौर ( चिंगारी )**। जिस समय शहर सो रहा होता है, सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। उस समय हल्दौर के मोहल्ला तोलावाला की गली में रोज सुबह 6 बजे एक अलग ही सभा लगती है। सभा राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक होती है। जिसमें अतिथि- कौए, गोरेया, चींटियां और कुत्ते होते हैं, जिनकी मेजबानी 50 वर्षीय दर्पण रावल करते हैं। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दर्पण रावल की दिनचर्या की शुरुआत किसी भागदौड़, योग, एक्सरसाइज से नहीं, बल्कि प्रकृति और जीव जगत के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन से होती है। प्रतिदिन सूर्य की पहली किरण के साथ ही दर्पण रावल का सेवा अनुष्ठान शुरू हो जाता है। कौवे, कुत्तों, चींटियों और अन्य पशु-पक्षी उनके इस प्रेम को बखूबी पहचानते हैं, जैसे ही दर्पण रावल घर से बाहर निकलते हैं तब घर के बाहर पहले से ही उनके इंतजार में बैठा कौओं का समूह उन्हें घेर लेता है। यह दृश्य देखकर ऐसा लगता है मानो कौए अपने किसी मित्र का इंतजार कर रहे हों। दर्पण रावल पक्षियों, चींटियों एवं कुत्तों को केवल दाना-खिलाना नहीं, बल्कि एक पुनीत कार्य मानते हैं उनका मानना है कि मूक पशु-पक्षियों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।



### 14 साल से जारी है सेवा का यह अनुष्ठान

इसकी शुरुआत सन् 2012 में हुई थी। दर्पण रावल बताते हैं कि एक दिन मंदिर पर भंडारा चल रहा था। भंडारे को देखकर उनके मन में भी इच्छा हुई कि वह भी भंडारा करें। परंतु उनकी क्षमता इतनी नहीं थी कि वह इंसानों के किसी बड़े समूह को भंडारा करा सके। बस फिर दिल-दिमाग ने कहा, पेट सबका एक जैसा है। भूख सबको लगती है। उस दिन से उन्होंने नियम बना लिया कि वह प्रतिदिन इंसानों के समूह के लिए न सही, पशु-पक्षियों और चींटियों के समूह के लिए भंडारे का आयोजन किया करेंगे।

रोज का मेन्यू क्या है? कौओं और गोरेया के लिये दाना-पानी, नमकीन भुजिया और चींटियों के लिए आटा तथा कुत्तों के लिए रोटी व बिस्किट मेन्यू में शामिल रहते हैं।



### गली वाले क्या कहते हैं?

**दर्पण रावल का जीवन लोगों को दर्पण दिखाने जैसा है? जब हम लोग सोते रहते हैं तब वह सर्दी, गर्मी व बरसात के मौसम में भी 6 बजे उठकर बेजुबानों को खाना खिलाते हैं। उनका यह कार्य हमें सिखाता है कि इंसान वही है जो बिना बोले भी दूसरे का दर्द समझे।**

### छोटी सीख

आज हम कुत्ते-बिल्ली को भगा देते हैं। चींटी दिखे तो दवा डालते हैं, पर एक 50 वर्षीय इंसान रोज पशु-पक्षियों व चींटियों का पेट भरता है। बिना किसी फोटो व बिना किसी दिखावे के। शायद इंसानियत इसी को कहते हैं।

### धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व

सनातन परंपरा में श्राद्ध पक्ष का विशेष महत्व है। इस दौरान पितरों की तृप्ति के लिए किए जाने वाले तर्पण और दान में कौवा को भोजन कराना अनिवार्य माना गया है। इस परंपरा के पीछे गहरे धार्मिक, ज्योतिषीय और सामाजिक कारण निहित हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कौवा यमराज का संदेशवाहक माने जाते हैं, ऐसी धारणा है कि पितृपक्ष के दौरान हमारे पितृ कौवे के रूप में पृथ्वी लोक पर आते हैं, जब हम उन्हें भोजन अर्पित करते हैं तो वह उसे ग्रहण करते हैं और अपने वंशजों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

### कोरोना काल में भी जारी रही थी सेवा

कोरोना काल में लॉकडाउन के चलते जब सब लोग अपने-अपने घरों में कैद थे, तब भी दर्पण रावल पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी लेकर निकलते थे। पुलिस ने रोका तो कहा, साहब पशु-पक्षियों को भूख लगी होगी उनका पेट भरने जा रहा हूं। **प्रस्तुति : संजीव मिश्रा**

## डीएम से की ऑफलाइन कराये गये टेण्डर को निरस्त कराने की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री एवं नामित सभासद अभिषेक यादव ने डीएम को भेजी एक शिकायत में कहा है कि नगरपालिका नजीबाबाद में शासनदेशों के विरुद्ध एवं शासन द्वारा बनायी गई प्रक्रिया को दरकिनार कर टेण्डर की कार्रवाई की जा रही है। पत्र में कहा गया है कि शासन द्वारा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व पारदर्शिता लाने को 10 लाख की राशि से अधिक का टैण्डर केवल ऑनलाइन माध्यम से ही किये जाने की व्यवस्था बनाई गई है। नगरपालिका में कुछ माह पूर्व विज्ञापन होर्डिंग की एक टेण्डर प्रक्रिया की गई है। जिसमें 14 लाख रूपए के टेण्डर को ऑफलाइन कराया गया है, यह नियम का उल्लंघन है एवं पारदर्शिता का पूर्णत: अभाव है, जो कि नियामानुसार तत्काल निरस्त होने योग्य है। उन्होंने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## कारगिल के शहीदों के सम्मान में रैली निकाली




**बिजनौर ( चिंगारी )**। पूर्व सैनिक कल्याण समिति की ओर से कारगिल युद्ध विजय दिवस पर कार्यक्रम हुआ। शहर में पूर्व सैनिक एवं वीरांगनाओं ने रैली निकालकर शहीदों को नमन किया। जिले के शहीद नायक अशोक कुमार की याद में नारे लगाए गए।

रैली जैन धर्मशाला पहुंचकर समाप्त हुई। यहां सीडीओ रणविजय सिंह ने शहीदों को नमन करते हुए देशहित में सभी को दिल से अच्छा करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बिजनौर, धामपुर, चांदपुर, नगीना, कादराबाद सहित अन्य जगहों के सैनिकों ने हिस्सा लिया। रवींद्र विद्या भारती पब्लिक स्कूल धर्मनगरी, लुईस ली पार्कर प्राइमरी स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय नंगली छोईया के विद्यार्थियों ने देशप्रेम से ओतप्रोत नाटक, गाने, सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सीडीओ ने कारगिल हीरो असद का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। मंच का संचालन अरविंद वर्मा व मुकुल जैन ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. हर्ष निधि, नायक वृक्षराज शर्मा, डॉ. नीलम सिंह, संस्था उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, डॉ. मीना बख्शी, जितेंद्र कुमार, जवाब सिंह, रंजन सिंह, राजेंद्र कुमार, आजीब कुमार, योगेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



# डॉ. अनुराधा माथुर पदम भूषण सम्मान व मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली डॉ. अनुराधा माथुर को नई दिल्ली में एक साथ दो बड़े सम्मानों से नवाजा गया है। नजीबाबाद में समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली नजीबाबाद की पर्यावरणविद् डॉ. अनुराधा माथुर ने नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय, तीन मूर्ति भवन में आयोजित भव्य समारोह में दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। डॉ. अनुराधा माथुर को सत्य सेवा अवार्ड काउंसिल भारतीय पदम् भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं एक्यूपंक्चर हीलिंग और वेलनेस के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में 18 जुलाई 2026 को आयोजित इस सम्मान समारोह में तिब्बती संसद के प्रतिष्ठित नेता आचार्य येशी फुंत्सोक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक एवं निर्माता इकबाल दुर्रानी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. अनुराधा माथुर को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य कल्याण, शोध एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन और समर्पित योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान पत्र में वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और समाज के प्रति उनकी उत्कृष्ट सेवाओं की भी विशेष सराहना की गई। डॉ. अनुराधा को यह सम्मान प्राप्त होने पर उनके शुभचिंतकों, शिक्षण संस्थानों व क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए इसे नजीबाबाद के साथ पूरे जनपद बिजनौर के लिए गौरव का क्षण बताया।

# कारगिल विजय दिवस पर नजीबाबाद के मेजर दानिश को किया सम्मानित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन, बिजनौर द्वारा जेवीएस रिजॉर्ट में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद बिजनौर के सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं सैन्य परिवारों को सम्मानित करते हुए कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि मेजर जनरल अजीत सिंह गहलौत ने नजीबाबाद निवासी मेजर दानिश को भारतीय सेना में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं राष्ट्र सेवा के लिए स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मेजर दानिश के पिता डॉ. रफ़त ने नजीबाबाद में फौजी चैरिटेबल डिस्पेंसरी की स्थापना की घोषणा की, जहां सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को नि:शुल्क चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीएम (वित्त) बिजनौर, विधायक, मेजर सुशील, मेजर अभिनव, बिजनौर चेयरमैन, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने कारगिल के वीर शहीदों के अदम्य साहस, बलिदान एवं राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा युवाओं से देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सैन्य अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, जवानों एवं सभी अतिथियों ने कारगिल के अमर वीर सपूतों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का संकल्प लिया। यह आयोजन देशभक्ति, सैनिक सम्मान और राष्ट्रीय एकता का प्रेरणादायी संदेश देने वाला रहा।



मेजर दानिश को सम्मानित करते हुए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136 वें एपिसोड का श्रवण भाजपा के विभिन्न बूथों पर उत्साहपूर्वक किया गया। भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, आशाराम त्यागी एवं सुनीता त्यागी प्रतिभा सत्री कृष्णा बबीता आदि ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज में जनभागीदारी, राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत और सामाजिक दायित्वों के प्रति लोगों को निरंतर प्रेरित करते हैं। क्षेत्र के 299 बूथों पर बूथ अध्यक्षों एवं बूथ कार्यकारिणी के साथ कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।

## आज का विचार

# हमारी आंदोलनकारी बेटियां



-सत्यराज

आजादी के बाद का अनोखा और विचित्र शैली का एक बड़ा आंदोलन अंतत: खत्म हो गया। भारत अनेक सफल आंदोलनों के लिए आजादी से पहले से ही जाना जाता है, लेकिन सभी आंदोलन अहिंसक ही रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तो दुनिया भर में अहिंसक आंदोलन के लिए जाने जाते हैं। आजादी के बाद भी जयप्रकाश नारायण और अन्ना हजारे ने भी ऐतिहासिक आंदोलन किये। किसी में भी हिंसा का नामो निशान नहीं देखने को मिला, लेकिन कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा किए गए आंदोलन को हिंसा ही नहीं, कई विशेष संदर्भ में याद किया जाएगा। आज मैं इस आंदोलन में किस पक्ष की हार अथवा जीत हुई, इस चश्मे से नहीं देख रहा हूं। आंदोलन अब कल की बात हो चुका है। आज रुककर सोचिए कि युवा नेतृत्व में संपन्न हुए इस प्रदर्शन में हमारी युवा पीढ़ी ने हमें क्या-क्या



अनचाहा देखने और सुनने को मजबूर कर दिया है। पुरुष वर्ग में तो गालियों और किसी सीमा तक अश्लील बातें बोलने का चलन हमारे समाज में रहा है, लेकिन इस आंदोलन में तो लड़कियां गंदे और भोंडे प्रदर्शन में लड़कों से बहुत आगे दिखाई दीं। सोशल मीडिया के इस युग में अनेक लड़कियों ने मर्यादा की अनेक सीमाएं लांघ दी हैं। अधूरे वस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए, बेहूदा डांस किया और कई डायलॉग भी बोले। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री को कितनी-कितनी गंदी भाषा प्रयोग की। सनातन में जहां कन्या अथवा नारी को अति सम्मानित और पूजनीय माना जाता है, उस समाज में लड़कियां मंच से चिल्ला रही हैं, मेरा लिंगट्ठ मेरी मर्जी वगैरा-वगैरा। अनेक लड़कियां भीड़ में खुलेआम सिगरेट पीती दिखाई दीं। आरोप ये भी लगा कि इस भीड़ में विशेष कर रात में युवाओं ने नशे जैसे अपराध भी किए हैं। अब एक बिंदु पर और सोचा जा सकता है कि यह विशेष पहचान रखने वाली लड़कियां भी किसी मां-बाप की बेटी होंगी, किसी भाई की बहन होंगी। क्या इन लड़कियों की ऐसी हरकतें उनके घर वाले नहीं देख रहे होंगे? यह सब देखकर शायद उन्हें अपने पर शर्म आ रही होगी कि हमारी बेटी जंतर-मंतर पर किस तरह का प्रदर्शन कर रही है। इस विचार को जो ठीक समझे वह कृपया अपनी युवा हो रही बेटी /बहन अथवा बड़े शहरों में अकेले रहकर पढ़ रही है या नौकरी कर रही संतान पर नजर रखें, कहीं आपके संस्कारों पर उसकी आजादी, उसका अकेलापन हावी तो नहीं हो रहा। कल पछताने से आज सतर्क हो जाना ही बेहतर होता है। नहीं तो सोशल मीडिया के इस युग में सालों तक अपनी आंदोलनकारी लड़की के कारनामे देखते रहोगे।

# कोर्ट मैरिज करने से नाराज भाई ने बहन के साथ की मारपीट

**शेरकोट ( चिंगारी )।** जानकारी के अनुसार नगर के एक मुहल्ला निवासी एक युवती ने दूसरे थाना क्षेत्र निवासी अपनी ही बिरादरी के एक युवक से प्रेम प्रसंग के चलते कुछ समय पहले चोरी छिपे कोर्ट मैरिज कर ली थी। एक माह पूर्व युवती के युवक के घर पहुंच जाने पर परिजनों को मामले का पता लगा। जिस पर परिजन युवक के घर पहुंचे और युवती को समझा-बुझाकर घर ले आये थे। बताया जाता है कि शुक्रवार को परिजनों ने उसी युवक से युवती की शादी कर उसे विदा कर दिया। परंतु युवती का भाई, बहन द्वारा उठाए गए इस कदम से नाराज़ था। रविवार की रात युवती के ससुराल पक्ष के लोग रस्म पूरी कर उसे पहली बार मायके से लेने आए थे। घर मेहमानों से भरा था और खुशी का माहौल था। इस दौरान देर रात विदाई के समय युवती से नाराज उसके भाई ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान गले पर कोई चीज लगने से युवती गम्भीर रूप से घायल हो गई। खून बहता देख परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा उसे आनन-फानन में उपचार हेतु नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती गया, जहां उसकी हालत में सुधार होने पर कल दोपहर उसे छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद परिजनों ने युवती को विदा कर सुसराल वालों के साथ भेज दिया। नाराज़ भाई द्वारा नवविवाहित बहन के साथ मारपीट का ये मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सोमवार को एसपी अभिषेक झा ने पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक साजिद अली को प्रभारी चौकी न्यायालय परिसर, उपनिरीक्षक गौरव कुमार को प्रभारी चौकी पैजनिया हल्दौर, उपनिरीक्षक देवी प्रसाद गौतम को प्रभारी चौकी अम्हेड़ा, हल्दौर, उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह नागर को प्रभारी चौकी कस्बा नगीना, उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार को प्रभारी चौकी द्वारिकेश नगर नगीना देहात, उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद को प्रभारी चौकी प्रयास धामपुर, उपनिरीक्षक सुशील कुमार को प्रभारी चौकी गोरा बादल धामपुर, उपनिरीक्षक रवि तोमर को प्रभारी चौकी कस्बा धामपुर, उपनिरीक्षक विपिन सैनी को थाना नगीना देहात बनाया है।

# रूट्स स्कूल के विद्यार्थियों ने शूटिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम, तीन छात्रों का प्री-नेशनल के लिए चयन

**नूरपुर ( चिंगारी )।** रूट्स इंटरनेशनल स्कूल, नूरपुर ने शूटिंग खेल के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए अपने गौरव में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। विद्यालय के पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने 4 जून से 8 जून 2026 तक नोएडा में आयोजित प्री उत्तर प्रदेश स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में शिवांश चौधरी, अनिरुद्ध सिंह, मानिक्य त्यागी, कौस्तुभ चौधरी एवं अंश त्यागी शामिल थे। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिचय



देते हुए प्रतियोगिता के अगले चरण के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई किया। इसके उपरांत इन विद्यार्थियों ने 21 जून 2026 को दिल्ली में आयोजित 10 मीटर एयर राइफल चैंपियनशिप में भाग लिया। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली निशानेबाजों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि से रूट्स इंटरनेशनल स्कूल, नूरपुर एवं पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक शांतनु गुप्ता एवं प्रधानाचार्य अमित चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# श्रावण मास में होने वाली 'एक शाम भोले के नाम' की तैयारियां शुरू

नजीबाबाद (चिंगारी)। महाकाल भक्त मंडल के तत्वावधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के सदस्यों ने श्रावण मास में प्रत्येक दिन होने वाले रुद्राभिषेक व श्रावण मास की शिवरात्रि पर होने वाली भजन संध्या एक शाम भोले के नाम की तैयारी को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम को भव्यता से पूर्ण करने के लिए सभी सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के सदस्यों ने बताया कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। प्रत्येक दिन प्रातः 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में होने वाला रुद्राभिषेक गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 28 अगस्त 2026 रक्षाबंधन पर हवन में आहुति देकर एवं कन्या पूजन कर सम्पन्न होगा। प्रत्येक दिन ब्रह्म मुहूर्त में होने वाला रुद्राभिषेक सुराही बाजार स्थित प्रजापति शिव मंदिर पर होगा। पूजा अर्चना व रुद्राभिषेक विधि विधान से पंडित मयंक भारद्वाज द्वारा संपन्न कराया जाएगा। एक शाम भोले के नाम भव्य भजन संध्या श्रावण मास की शिवरात्रि 11 अगस्त



2026 को नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में सांय 7 बजे से प्रारंभ होगी। तथा संगठन के सदस्यों ने एक शाम भोले के नाम भव्य भजन संध्या में आने वाले सभी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की असुविधा न होना सुनिश्चित किया है तथा संगठन के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से श्रावण मास में होने वाले सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है। मुख्य आकर्षण में भगवान भोलेनाथ का विशाल एवं भव्य दरबार रहेगा। बैठक में सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, आदित्य अग्रवाल, देवेंद्र प्रजापति, आयुष्मान चंद्रा, शानू, पुलकित विश्नोई, सागर कुमार,

## एएसपी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

मंडावली/नजीबाबाद। एसपी सिटी डॉक्टर कृष्ण गोपाल सिंह ने कावड़ यात्रा को लेकर मंडावली क्षेत्र के कोटा वाली नदी क्षेत्र का दौरा किया। कावड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए मोटा महादेव मंदिर पहुंचकर पुलिस ड्यूटी को चेक किया। मोटा महादेव मंदिर परिसर में कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे



आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नजीबाबाद सीओ आकांक्षा गौतम, थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, मोटा महादेव पुलिस चौकी

आकाश भटनागर, ऋषभ कुमार, हर्ष शर्मा, तरुण प्रजापति, रोहित अग्रवाल, प्रदीप कुमार, अमित चैहान, तुषार अग्रवाल, विपिन कश्यप, लक्ष्मण आदि रहे।




## प्रतियोगिता में वालिया ग्लोबल एकेडमी के खिलाड़ियों ने अपना परचम फहराया

नजीबाबाद (चिंगारी)। जिला बिजनौर एथलेटिक्स संघ द्वारा आयोजित विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में वालिया ग्लोबल एकेडमी नजीबाबाद के खिलाडियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपना परचम फहरा दिया। अंडर 16 में दसवीं कक्षा के आयुष कश्यप ने 80 मीटर की बाधा दौड में व 60 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक जीतें जबकि लंबीकूद में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर 18 में बारहवीं की तनिष्का सिंह ने 80 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण, ऊंची कूद में रजत तथा जैवलिन थ्रो में भी रजत पदक प्राप्त किया। अंडर 20 में 12 वीं के शिखर ने 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत और ऊंची कूद में कांस्य पदक जीता। अंडर 18 में 12 वीं के दक्ष पाल ने 100 मीटर की रेस में स्वर्ण और 80 मीटर बाधा दौड में रजत जीता। वहीं कंचन ने लंबी कूद में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर 20 में संकल्प ने 100 मीटर रिले रेस बाधा दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। अंडर 20 में शिखर, आयुष, दक्ष और संकल्प ने प्रथम स्थान हासिल कर के स्वर्ण पदक जीता। अंडर 16 में लंबी कूद में दिव्यांशी ने रजत पदक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अनिता सिवाच ने सभी खिलाड़ियों व कोच मोहित कर्णवाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## अखिल भारतीय किसान मज़दूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चुने गए शमशाद हुसैन

नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय किसान मज़दूर सभा (एआईकेएमएस) यूपी के सम्मेलन में 13 सदस्यीय राज्य कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें कामरेड धर्मपाल अध्यक्ष, हीरा लाल महासचिव व शमशाद हुसैन प्रदेश उपाध्यक्ष चुने गए। सम्मेलन में गरीबों को भूमि देने, जबरन विस्थापन का विरोध, कृषि न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने तथा माफिया की लूट पर रोक व यमुना नदी में नावों द्वारा बालू खनन शुरू करने के आह्वान के साथ रिपोर्ट को मंजूरी दी। यूपी सम्मेलन का आज समापन क्रांतिकारी गीतों के साथ हुआ, जिन्होंने नेताओं को घरों के आराम को छोड़कर किसानों से जुड़े जीवन-मरण के मुद्दों पर जनता को संगठित करने की प्रेरणा दी। रिपोर्ट में उपरोक्त मुद्दों के साथ महिलाओं व युवाओं को ग्रामीण रोजगार, सभी सरकारी ठेका एवं योजना आधारित नौकरियों में न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने, सरकारी स्कूलों को खोलने एवं शिक्षा में सुधार, भूमि सीमा को घटाकर 5 एकड़ करने आदि मुद्दों पर संगठित करने के कार्य पर प्रकाश डाला गया। बिजनौर से सम्मेलन में कामरेड शमशाद हुसैन, कादिर अंसारी, कुलविंद्र सिंह, मौहम्मद तकी व अर्जुन सिंह शामिल हुए।



## 17 जातियों को ओबीसी से हटाकर अनुसूचित जाति में शामिल करने को दिया ज्ञापन

नजीबाबाद (चिंगारी)। निषाद पार्टी ने अन्य पिछड़ा वर्ग की कश्यप, केवट, निषाद, प्रजापति, राजभर आदि 17 जातियों को ओबीसी से हटाकर अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम के कार्यालय पर पहुंचकर उनके प्रतिनिधि नितिन कश्यप को सौंपा। निषाद पार्टी ने ओबीसी से 9 प्रतिशत अति पिछड़ी जाति जो सेन्सस मैन्युअल के अनुसार अनुसूचित जाति की पर्यायवाची जातियां हैं, उन्हें हटा कर अनुसूचित का कोटा 21 में 9 प्रतिशत जोड़कर 30 प्रतिशत कर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत कराने का समस्त तहसीलों में आदेश जारी किए जाने कि मांग रखी। इस मौके पर जिला महासचिव ऋषिपाल कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र कश्यप, नगर अध्यक्ष डॉ. एहसान उस्मानी, विशाल कश्यप, रामचरण, जिला महासचिव डॉ. जुनैद अंसारी, कपिल कुमार, अरविंद प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, घसीटा सिंह कश्यप आदि उपस्थित रहे।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

## सड़कों के निर्माण को मिली रफ्तार, लोगों ने चेयरमैन का जताया आभार



नजीबाबाद (चिंगारी)। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम के प्रयासों से क्षेत्र में सड़कों के निर्माण का कार्य तेजी से शुरू हो रहा है। कई गलियों व मार्गों पर नई सड़कें बन चुकी हैं, जबकि शेष स्थानों पर भी निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से खराब सड़कों के कारण आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते थे। अब सड़क निर्माण शुरू होने से लोगों में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाओं की उम्मीद जगी है। निर्माण कार्य के दौरान चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने जाब्तगंज के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर उन स्थानों का निरीक्षण किया, जहां नई सड़कें बनाई जानी हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं और किसी भी क्षेत्र की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर जाब्तगंज के सम्मानित एवं बुजुर्ग नागरिकों ने चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसके पूरा होने से आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर ताहिर, इरफान, यामीन, नासिर कुरैशी, तसलीम अहमद, आफाक, इजहार, शरीफ, जाकिर, हाजी शमीम, यासीन आदि स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# जीएसटी संबंधी समस्याएं, वित्त मंत्री हल करायें!

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने दिया ज्ञापन

**बिजनौर (चिंगारी)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश ने केन्द्रीय वित्त मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी को सौंपा। जिसमें उद्योगों व व्यापारियों की जीएसटी सम्बंधी समस्याओं के समाधान की मांग की गई।



ज्ञापन में कहा गया कि सचल दस्तों द्वारा पूरा टैक्स जमा होने के बाद भी तकनीकी आधार पर अनावश्यक कमियां निकालकर जुर्माना जमा कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारी टारगेट पूरा करने के लिये कम टर्नओवर वाले व्यापारियों को भी रजिस्ट्रेशन प्राप्त करने के लिये बाध्य कर रहे हैं। एसआईबी जांच व सर्वे के समय व्यापारी को भारी धनराशि टैक्स के रूप में जमा करने के लिये बाध्य किया जाता है। किसी भी कारण से होने वाली मृत्यु की स्थिति में दस लाख का बीमा लाभ पंजीकृत व्यापारी/उद्यमी को प्रदान किया जाये। जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को डिजिटल कार्य हेतु लेपटॉप/साफ्टवेयर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाये। जीएसटी में विलंब के भुगतान पर 18 प्रतिशत ब्याज लिया जा रहा है, जिसे घटाकर 6 प्रतिशत किया जाये। जीएसटी अधिनियम में दंडात्मक प्रावधानों के अंतर्गत जेल की सजा को समाप्त किया जाये तथा इसे केवल आर्थिक दंड तक सीमित किया जाये। तम्बाकू व तम्बाकू पत्ते की जीएसटी दरों की विषमता को समाप्त किया जाये। जीएसटी रिफंड देरी होने पर व्यापारी को 18 प्रतिशत ब्याज दिया जाये। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मनोज कुच्छल, जिला महामंत्री मुनीष त्यागी, प्रांतीय संगठन मंत्री बीएस राजपूत, नगर अध्यक्ष युवा गजेन्द्र चौहान के अलावा गुलाम साबिर, शिवम अवस्थी, हितेश भाटिया, साहिल मदान, शमशाद गामा, सुमित कुमार, अरविन्दर सिंह, चिराग सेठी, मौ. शाहरूख आदि शामिल रहे।

# कांवड यात्रा के दौरान 24 घंटे खुलेगा इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल रूम



सीओ आलोक कुमार।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** इस मर्तबा पहली बार सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान सीओ सर्किल स्तर पर इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। थाना शेरकोट, अफ़जलगढ़ व रेहड़ क्षेत्र हेतु सीओ कार्यालय में बनाए गए कमांड कंट्रोल सिस्टम का सम्पर्क नंबर 9027247618 होगा। सावन माह में कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी अफ़जलगढ़ आलोक कुमार सिंह ने सोमवार को कोतवाली अफ़जलगढ़ व थाना रेहड़ में पत्रकारों से वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पत्रकारों से विशेष सहयोग का आह्वान करते हुए उन्होंने बताया कि इस मोबाइल नंबर पर कांवड़ यात्रा के दौरान प्राप्त किसी भी विभाग से सम्बंधित समस्या का मौके पर जाकर त्वरित निस्तारण होगा क्योंकि कांवड़ यात्रा की सकुशल संपन्नता शासन-प्रशासन की मुख्य प्राथमिकता है। इस दौरान थाना रेहड़ में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा व कोतवाली अफ़जलगढ़ में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## ज्योतिष भवन पर मनाया जायेगा गुरु पूर्णिमा पर्व

**बिजनौर (चिंगारी)।** आचार्य राजाराम शास्त्री की स्मृति में कल बुधवार को गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व उनके आवास ज्योतिष भवन पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर दूर-दूर से भक्त एकत्रित होंगे और गद्दी के वर्तमान पीठाश्वर आचार्य डा. अरविन्द शर्मा का तिलक करेंगे। उसके बाद वहां संगीत का कार्यक्रम प्रेम सिंह के द्वारा किया जाएगा। उसके बाद डा. अरविंद शर्मा गुरू की महत्ता पर प्रकाश डालेंगे। अंत में प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## सिंकदरपुर में लगा माता का मेला

**छाछरी मोड (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव सिंकदरपुर में हर वर्ष आषाढ़ के महीने में लगने वाले माता के मेले में दूर-दूर से भक्तजन प्रसाद चढ़ाने आते हैं, जिसमें बच्चों का कुंडारा और नई शादी होने वाले जोड़ों के कुंडारे लगते हैं। हर वर्ष आषाढ़ के महीने में यह मेला प्रत्येक सोमवार को लगता है, जिसमें भक्त प्रसाद चढ़ाकर अपनी मन्नत मांगते हैं। कुछ बुजुर्गों का कहना है कि मेले में प्रतिवर्ष बरसात हुआ करती थी परंतु अबकी बार पूरा मेला बीत गया, पर बारिश नहीं हुई। पूरा मेला सूखा रहा यह पहली बार ऐसा हुआ। कुछ दुकानदारों ने मेले के ठेकेदार पर महंगी जमीन देने का आरोप लगाये। कुछ दुकानदारों और मंदिर समिति के सदस्यों का कहना है कि ठेकेदार दुकानदारों से पैसा तो वसूल कर लेते हैं पर सुविधा के नाम पर कोई कार्य नहीं करते। उनका कहना है कि जिला प्रशासन इस ओर ध्यान दें और मेले में पानी, बिजली और सड़क जैसी सुविधाओं की व्यवस्था करें। मंदिर समिति के सदस्य रामकुमार शर्मा, धर्मेंद्र, सुभाष शर्मा, संदीप, महेश कुमार, हरिओम शर्मा, बंटी शर्मा, नेता अमर सिंह, ठेकेदार प्रीतम सिंह, विशंभर सिंह, रामकिशन आदि उपस्थित रहे।

## नांगल के प्रसिद्ध व्यवसायी विजय गोयल का निधन

**नांगल सोती (चिंगारी)।** नांगल के प्रसिद्ध व्यवसायी तथा पूर्व ग्राम प्रधान मीनाक्षी गोयल के ससुर श्री विजय कुमार गोयल (82 वर्ष) का आज तड़के निधन हो गया। वे राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल के आजीवन सदस्य भी थे। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक-संवेदनायें व्यक्त कीं। श्री विजय कुमार गोयल नांगल सोती के प्रसिद्ध व्यापारी घराने से सम्बन्ध रखते थे। मुख्य बाजार में झंडा चौक के सामने उनका आवास है। पिछले काफी समय से वे अध्यात्म से जुड़े हुए थे। लगभग एक माह पूर्व वे अपने आवास पर ही फिसलकर गिर गये थे, जिस कारण उनका कूल्हा फ्रैक्चर हो गया था। तब से वे बेड पर थे। गत रात्रि दो-ढाई बजे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। आज तड़के उन्हें उपचार के लिये मेरठ ले जाया जा रहा था कि रास्ते में मंडावर के समीप तड़के करीब 5 बजे उनका निधन हो गया।



उनके दोनों पुत्र राजीव गोयल तथा राकेश गोयल नांगल के प्रमुख व्यापारी हैं। राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज के पूर्व प्रबंधक राघव प्रताप एड., कोषाध्यक्ष कावेन्द्र सिंह एड., प्रबंधक ऋषभ प्रताप एड., प्रधानाचार्य राजीव चौहान, वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, प्रवक्ता हरवीर सिंह सहित कई शिक्षकों, गांव व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंचकर दुख व्यक्त किया। दोपहर के समय उनकी अंतिम यात्रा उनके आवास से शुरू हुई। हरिद्वार स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

## मॉर्निंग वॉक के दौरान घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** मॉर्निंग वॉक के दौरान वाहन की टक्कर से घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। रेहड़ निवासी कैलाशचंद शर्मा सोमवार की तड़के मॉर्निंग वॉक को निकले थे कि दहलावाला बस स्टैंड के पास तेज गति से आ रहे वाहन के चालक ने उन्हें भीषण टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें बेहतर उपचार हेतु काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां देर रात उनकी मौत हो गई। परिजनों ने फिलहाल कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की और उनका अंतिम संस्कार कर दिया।



मृतक का फाइल फोटो।

## स्व. अनिता देवी के परिवार की आर्थिक मदद करने का निर्णय

**बिजनौर (चिंगारी)।** भुइयार समाज सेल्फ केयर टीम की हुई बैठक में दिवंगत सदस्य स्वर्गीय श्रीमती अनिता देवी पत्नी प्रह्लाद सिंह, निवासी ग्राम बुडपुर के परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि स्वर्गीय अनिता देवी टीम की सक्रिय सदस्य थीं और नियमित रूप से सहयोग राशि जमा करती थीं। टीम के पदाधिकारियों ने उनके घर पहुंचकर सत्यापन किया। जिसके बाद 5 अगस्त से 25 अगस्त तक निर्धारित अवधि के अनुसार उनके परिवार को सहयोग राशि उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में संस्थापक खजान सिंह, अध्यक्ष अजयपाल सिंह, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार एवं हेम सिंह, महामंत्री संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह एवं ह्देश पवार, ऑडिटर नरेंद्र सिंह, अनिल कुमार तथा सक्रिय सदस्य वेदप्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 10 अगस्त को स्योहारा थाने का घेराव करेगी भाकियू

## किसानों के उत्पीड़न का आरोप

**स्योहारा (चिंगारी)। थानाध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज भाकियू ने थाने का घेराव करने का ऐलान किया है। जिसके बाद पुलिस प्रशासन में हलचल मच गयी। ग्राम मलकपुर बुडेरन स्थित पंचायत घर में आयोजित बैठक में किसानों ने पुलिस पर उत्पीड़न, अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली जैसे गंभीर आरोप लगाए। बैठक की अध्यक्षता भाकियू के धामपुर तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने की।**

बैठक में चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने आरोप लगाया कि स्योहारा थाना पुलिस गांवों में आपसी विवादों का निष्पक्ष समाधान करने के बजाय पीड़ित पक्ष को ही प्रताड़ित करती है। उन्होंने दावा किया कि किसान अपने खेतों से पशुओं के छप्पर अथवा अन्य घरेलू उपयोग के लिए मिट्टी लाते हैं तो उनसे भी कथित रूप से अवैध वसूली की जाती है। बैठक के दौरान एक भाकियू कार्यकर्ता के साथ एक दरोगा द्वारा कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों ने कहा कि पुलिस का ऐसा व्यवहार स्वीकार नहीं किया जाएगा और यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। बैठक के बाद भाकियू की केंद्रीय कमेटी ने 10 अगस्त को स्योहारा थाने पर तहसील स्तरीय महापंचायत आयोजित करने तथा हजारों ट्रैक्टरों के साथ थाने का घेराव करने का निर्णय लिया। चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने दावा किया कि इस आंदोलन में बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और पुलिस का रवैया नहीं बदला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और संगठन की आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, विजेंदर सिंह त्यागी, बंटी कुमार, सुखबीर सिंह, फैयाजुद्दीन, यशपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, रामावतार यादव, योगेश,दिनेश कुमार, मारूफ सहित बड़ी संख्या में किसान इकट्ठा हुए।



किसानों की पंचायत को सम्बोधित करते हुए गजेंद्र सिंह टिकैत।



## राशिफल

## विमल जैन

**हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्**

**बुधवार, 29 जुलाई 2026**

मेष- आज दिन 9/58 बजे तक सफलता का सुयोग, सद्विचारों का उदय, आत्मिक शांति, शेष समय में कठिनाइयां, व्यवहार में लापरवाही नुकसानदायक, शत्रु सक्रिय।

वृषभ- विचाराधीन योजना पर कार्यारम्भ, परिवारिक समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त, नवसमाचार की प्राप्ति से प्रसन्नता, प्रेम सम्बन्धों में अनुकूलता, धनागम भी।

मिथुन- पुरुषार्थ से कार्यसिद्धि, विशिष्टजनों से सम्पर्क उपयोगी, ज्ञानविज्ञान की ओर अभिरुचि, राजकीय पक्ष से सहयोग, परिवार में उपस्थित मतभेद समाप्त।

कर्क- आज दिन 9/58 बजे तक निराशा, राजकीय पक्ष से उलझनें, स्वजनों से मनमुटाव, शेष समय शुभ, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह।

सिंह- आज दिन 9/58 बजे तक कठिनाइयों में कमी, समस्या का समाधान, स्वास्थ्य में सुधार, शेष समय किसी योजना को लेकर चिन्तित, मानसिक तनाव।

कन्या- कार्य-व्यवसाय में उन्नति, प्रियजनों के माध्यम से कुछेक मसले हल, आय के नवीन स्रोत, उपस्थित पारिवारिक सद्भाव, वैवाहिक जीवन में संतोष, यात्रा सुखद।

तुला- मनोभिलाषित योजना मूर्तरूप में परिणित, शत्रु पराभूत, मित्रों से वांछित सहयोग, पठन-पाठन में रुचि, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

वृश्चिक- आज दिन 9/58 बजे तक समय अशुभ, परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, धन हानि भी, शेष समय में दिनचर्या व्यवस्थित, साहसिक प्रयास में प्रगति।

धनु- आज दिन 9/58 बजे तक समय संतोषजनक, लाभ का सुयोग, सुसंदेश की प्राप्ति, आपसी सम्बन्ध मधुर, शेष समय में प्रतिकूलता, योजना अधूरी, द्रव्य की क्षति।

मकर- निराशा का समापन, स्वास्थ्य सुधार पर, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, घरेलू वातावरण सुखद।

कुम्भ- विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, मनोविनोद के अवसर, प्रेम-सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आहार-विहार में नवीनता।

मीन- आज दिन 9/58 बजे तक इच्छापूर्ति में व्यवधान, बढ़ते हुए खर्च से चिन्तित, अकारण भ्रमण, शेष समय बेहतर, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, आत्मिक शांति।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722**

# दुकान खाली कराने की मांग को लेकर महिलाओं का धरना जारी

**धामपुर ( चिंगारी )**। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मार्ग स्थित दुकान जगदीश विजन एंड संस को खाली कराए जाने की मांग को लेकर आज दूसरे दिन भी दुकान स्वामी प्रियंका राजपूत के नेतृत्व में महिलाओं ने दुकान के बाहर धरना दिया। धरने में प्रियंका राजपूत, वर्षा रानी, रानू चौहान, संतोष देवी, बबिता गुप्ता, राखी आदि महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे। प्रियंका राजपूत का कहना है कि पुलिस उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रही है, जबकि दूसरी ओर दुकान के किरायेदार डॉक्टर अमित गुप्ता का कहना है कि लिखित एग्रीमेंट व कागजात देखने के बाद ही पुलिस प्रशासन ने दुकान में उनका सामान रखवाया है। उन्होंने बताया कि प्रियंका राजपूत के पति स्वर्गीय देवाशीष ठाकुर से लिखित एग्रीमेंट के बाद दुकान किराए पर ली है। उधर, इसी विषय पर वार्ता के लिए आज शाम 8 बजे केदारनाथ धर्मशाला में व्यापारियों की बैठक आहूत की गई है।

**बरसात में धरने पर बैठी हुईं महिलाएं**



## नजीबाबाद चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक का तबादला, मात्र 7 माह रुक पाये

**किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद ( चिंगारी )**। चीनी मिल नजीबाबाद के प्रधान प्रबन्धक महीपाल सिंह (पीसीएस) का स्थानांतरण सिटी मजिस्ट्रेट जालौन के पद पर हो गया है। श्री सिंह ने 1 जनवरी 2026 को चीनी मिल नजीबाबाद में कार्य भार ग्रहण किया था। मात्र 7 माह में ही उनका स्थानांतरण हो गया। बताते चलें इससे पूर्व 10 जून 2025 को इस मिल में सुभाष प्रजापति (पीसीएस) आये, 27 दिसम्बर 2025 को चलते बने। इससे पूर्व सुखवीर सिंह यादव (पीसीएस) यहां थे। हालात ऐसे हैं पीसीएस अधिकारी चीनी मिलों में प्रधान प्रबन्धक के पद पर रुकने को तैयार नहीं हैं, जिनका जुगाड़ लग जाता है वह अपना स्थानांतरण कराकर चले जाते हैं। चीनी मिल का रिपेयरिंग मैंटीनेंश का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। ऐसी परिस्थितियों में इतनी जल्दी प्रधान प्रबंधकों का स्थानांतरण हो जाना तो मिल हित में है न ही गन्ना उत्पादक किसानों के हित में है, क्योंकि नये अधिकारी को कम से कम एक माह का समय तो कार्य को समझने में चला जाता है। साथ ही कर्मचारियों व अधिकारियों व गन्ना उत्पादक किसानों से ताल मेल बैठाने में समय निकल जाता है।

## पेपर लीक पर राजनीति व बहस नहीं, जवाबदेही की जरूरत है : विकास आर्य


**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। एंटी करप्शन ब्यूरो एंड वेलफेयर फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर इंजीनियर विकास कुमार आर्य ने कहा है कि देश में जब भी किसी बड़ी भर्ती या प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होता है, तो सबसे पहले राजनीतिक बयानबाज़ी शुरू हो जाती है। सत्ता पक्ष विपक्ष को दोष देता है और विपक्ष सरकार पर सवाल उठाता है। लेकिन इस पूरे विवाद में सबसे कम चर्चा उस युवा की होती है, जिसने वर्षों की मेहनत, समय और अपने परिवार की उम्मीदों के साथ परीक्षा की तैयारी की होती है। जब परीक्षा रद्द होती है या उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं, तो सबसे बड़ा नुकसान उसी अभ्यर्थी का होता है। पेपर लीक की समस्या को केवल किसी एक सरकार या किसी एक राजनीतिक दल से जोड़कर देखना वास्तविकता से दूर होगा। पिछले दो दशकों में अलग-अलग सरकारों के दौरान केंद्र और राज्यों में कई बड़ी परीक्षाएं पेपर लीक या अन्य अनियमितताओं के कारण विवादों में रही हैं। यूपीए सरकार के दौरान मध्य प्रदेश का व्यापम प्रकरण चर्चा में रहा। वहीं एनडीए सरकार के दौरान पेपर लीक (2018), उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती, सहित कई परीक्षाएं भी विवादों का विषय बनीं। देश का युवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि निष्पक्ष अवसर चाहता है। उसकी मेहनत का सम्मान तभी होगा, जब परीक्षा व्यवस्था पर उसका भरोसा अटूट रहेगा। सरकारें बदलती रहेंगी, राजनीतिक बहसें भी चलती रहेंगी, लेकिन यदि एक मेहनती अभ्यर्थी का एक वर्ष भी अन्याय की भेंट चढ़ जाता है, तो उसकी भरपाई किसी बयान या बहस से नहीं हो सकती। पेपर लीक पर राजनीतिक लाभ-हानि से ऊपर उठकर राष्ट्रीय सहमति बनाने का समय आ गया है, क्योंकि यह मुद्दा किसी दल का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य का है।

# गुरु की विशेष आराधना का पर्व है : गुरु पूर्णिमा

## गुरुकृपा से होता है जीवन आलोकित

**गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।**
**गुरु साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः ॥**

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। गुरु की महिमा का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता। गुरु की महिमा अपरम्पार है। भारतवर्ष में गुरु पूर्णिमा का पर्व अति उमंग व हर्ष उल्लास के साथ मनाने की परम्परा चली आ रही है। गुरु का शाब्दिक अर्थ है—'गु' अन्धकार, 'रु' प्रकाश। अन्धकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है। गुरु के मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही जीवन आलोकित होता है। ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि हिन्दू धर्मशास्त्रों के अनुसार आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। तिथि विशेष पर गुरु की आराधना करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है, जिससे जीवन आलोकित होकर सुख-समृद्धि, सौभाग्य के पथ पर अग्रसर होता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व 29 जुलाई, बुधवार को पड़ रहा है। इस बार आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि आज 28 जुलाई, मंगलवार को सायं 6 बजकर 20 मिनट पर लग रही है, जो कि 29 जुलाई, बुधवार को रात्रि 8 बजकर 06 मिनट तक रहेगी। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र आज 28 जुलाई, मंगलवार को दिन में 1 बजकर 12 मिनट से 29 जुलाई, बुधवार को दिन में 3 बजकर 38 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् श्रवण नक्षत्र लग जाएगा। गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व 29 जुलाई, बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि पर कोकिला पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इस दिन महर्षि वेद व्यास जी की भी पूजा-अर्चना करने की विशेष महिमा है। पूर्णिमा तिथि के दिन प्रातःकाल सूर्योदय के पूर्व ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करने के पश्चात् स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करना चाहिए। तत्पश्चात् ध्यानादि करके गुरु पूर्णिमा के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। अपनी दिनचर्या नियमित संयमित रखते हुए शुचिता के साथ मन-वचन-कर्म पर ध्यान देते हुए गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाना चाहिए।



### गुरुपूजा का विधान

काष्ठ की नवीन चौकी पर श्वेत वस्त्र पर पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण 12-12 रेखाएं बनाकर व्यासपीठ बनाने का विधान है तथा दशों दिशाओं में अक्षत छोड़कर दिग् बन्धन किया जाता है। ब्रह्म, ब्रह्मा, परावर शक्ति, व्यास, शुकदेव, गोड़पाद, गोविन्द स्वामी और शंकराचार्य के नाममन्त्र से आवाहन करके पूजा करते हैं। अपने दीक्षा गुरु तथा माता-पिता, पितामह, भ्राता आदि की भी पूजा करने का विधान है। इस दिन अपने गुरु को भक्तिभाव श्रद्धा के साथ नवीन वस्त्र, नकद द्रव्य, ऋतुफल एवं मिष्ठान्न आदि भेंट स्वरूप अर्पित करके चरण स्पर्श करना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि गुरु का आशीर्वाद ही जीवन में कल्याण करने के साथ ही सुख-सौभाग्य में अभिवृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। जीवन में मंगल कल्याण के लिए परम्परा के अनुसार श्री सत्यनारायण भगवान की भी पूजा-अर्चना एवं कथा का आयोजन भी किया जाता है।

ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि अपनी पारिवारिक परम्परा के अनुसार अपने गुरु की श्रद्धा भक्ति व आस्था के साथ पूजा-अर्चना करके उनसे आशीर्वाद लेना चाहिए। गुरु की कृपा से समस्त कष्ट व अनिष्टों का निवारण होता है। जीवन में सुख समृद्धि खुशहाली आती है। पूर्णिमा तिथि के दिन देव दर्शन व गुरु पूजा के पश्चात् ब्राह्मण व जरूरतमन्दों को उनके प्रयोजन में आने वाली वस्तुओं का यथाशक्ति दान-पुण्य कर पुण्य लाभ अर्जित करना चाहिए।



**ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन**
**मो. : 09335414722**

# केलनपुर में हुई जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

**चांदपुर ( चिंगारी )।** लोकप्रिय इंटर कॉलेज, केलनपुर (बिजनौर) में 70वीं जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता (सत्र 2026-27) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर, शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह तथा उपप्रधानाचार्य प्रशान्त कुमार तोमर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 10 मीटर एयर राइफल (पीप साइड) प्रतियोगिता में अंडर-19 बालक वर्ग में अर्पित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में हर्षि यादव प्रथम रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग में पार्थ तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-17 बालिका वर्ग में वंशिका प्रथम स्थान पर रहीं।10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता के अंडर-19 बालक वर्ग में शुभ डवास ने प्रथम तथा लक्की कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में ऋतिक पाल प्रथम तथा देव कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं 10 मीटर ओपन साइट प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग में मयंक तोमर ने प्रथम तथा रोहित तोमर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि 05 अगस्त 2026 को मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।



# उद्धव ठाकरे का जन्मदिन मनाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्धव ठाकरे का 66वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाते हुए केक काटा तथा एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर अनेक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। ग्राम तालिबपुर में आयोजित कार्यक्रम में युवा सेना शिवसेना जिला प्रमुख विकास त्यागी ने जनपद बिजनौर में संगठन को मजबूत बनाने के लिए लोगों को पार्टी से जोड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भवानी सेना जिला प्रमुख सोनम त्यागी, सलोनी त्यागी, उर्मीला त्यागी, आदर्श त्यागी, आदेश त्यागी, गौरव देओल, आयुष त्यागी, सार्थक त्यागी, देव त्यागी, विपिन कुमार, इंद्रपाल, आशपाल सिंह, रामवीर सिंह, अरविंद कुमार, सोनू कुमार, मोहित त्यागी, जिगर त्यागी, युग, रोहित सैनी, प्रिंस सैनी, गौरव कुमार, दीपेंद्र सैनी, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# रामचरित मानस का पाठ शुरू

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला गोकुलनगर स्थित श्री विष्णु धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अन्तर्गत समस्त भक्तों की उपस्थिति में 36 घंटे के निमित्त श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ, जिसमें महंत-पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी महाराज गुरु ने अपने शिष्यों, पं. पंकज कौशिश तथा पं. देव भारद्वाज (देवाशीष महाराज) के साथ मिलकर विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# विद्या मंदिर में हुई बस्ता व ड्रेस प्रतियोगिता




**बिजनौर ( चिंगारी )।** लाला रिक्खवदास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मंडावर में बस्ता प्रतियोगिता एवं वेश (ड्रेस) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बस्ते की सुव्यवस्था, पुस्तकों एवं कॉपियों का रख-रखाव, स्वच्छता तथा निर्धारित विद्यालय वेशभूषा, साफ-सुथरे पहनावे एवं अनुशासन का मूल्यांकन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्वच्छ एवं व्यवस्थित रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रबंधक भूदेव सिंह ने कहा कि सुव्यवस्थित बस्ता और स्वच्छ वेशभूषा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, अनुशासन एवं जिम्मेदारी की पहचान है। प्रतियोगिता आचार्य मंजीत सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुई।

# डीपीएस ने एथलेटिक्स मीट में किया शानदार प्रदर्शन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर के विद्यार्थियों ने इम्पीरियल स्कूल, नजीबाबाद में आयोजित जिला एवं सीनियर एथलेटिक्स मीट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा, समर्पण और खेल कौशल का उत्कृष्ट परिचय दिया। प्रतियोगिता में कर्माक्ष ने ब्रॉड जंप में स्वर्ण पदक, आद्रिका सिंह ने ब्रॉड जंप में रजत पदक तथा आतिफ ने 60 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मनित चौहान ने ब्रॉड जंप में रजत पदक प्राप्त किया। याशिका ने डिस्कस थ्रो में रजत पदक तथा शॉट पुट में कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं अस्मा ने डिस्कस थ्रो एवं शॉट पुट दोनों स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतकर अपनी क्षमता का परिचय दिया। गर्वित राजपूत ने हैमर थ्रो में कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को एक और उपलब्धि दिलाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं प्रबंधन समिति ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रतिभागियों तथा उनके प्रशिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



# गांधी नारी कल्याण समिति की कार्यकारिणी का चयन

**धामपुर ( चिंगारी )।** गांधी नारी कल्याण समिति की नई कार्यकारिणी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। धामपुर पब्लिक स्कूल में आयोजित मीटिंग में परामर्श समिति में नीरजा सिंह, माला देवी, सुनीता नंदा व पामेल अग्रवाल चुनी गई। डा. रश्मि रावल अध्यक्ष, डा. विनोद शर्मा एवं डा. कंचन शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, नीरा गोयल सचिव, बबीता गुप्ता कोषाध्यक्ष, अनीता चौहान कोआर्डिनेटर तथा ऐश्वर्या चौधरी मीडिया प्रभारी चुनी गईं।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# आरबीडी कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के मार्गदर्शन एवं कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मंजू चौधरी के निर्देशन में आरबीडी महिला महाविद्यालय प्रांगण में नवप्रवेशित छात्राओं हेतु पांच दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मंजू चौधरी, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक प्रो. मंजू अरोड़ा, कार्यक्रम समन्वयक शिखा मालवीय, डॉ. दीपा, डॉ. शीबा, डॉ. दयावती, डॉ. ऋचा शर्मा का बैज लगाकर स्वागत किया गया। संगीत विभाग द्वारा छात्राओं के स्वागत में स्वागत गीत का गायन किया गया। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी द्वारा नवप्रवेशित छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम द्वारा संबोधित किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम की समन्वयक श्रीमती शिखा मालवीय द्वारा नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए छात्राओं को पांच दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम की रूप रेखा से अवगत करवाया। भूगोल विभागाध्यक्ष ऋतु सैनी एवं बीकॉम विभागाध्यक्ष श्रीमती ज्योति कर्णवाल ने पी.पी.टी. द्वारा छात्राओं को महाविद्यालय के इतिहास से अवगत करवाते हुए महाविद्यालय के संस्थापक, प्रबंध समिति, प्राचार्या, शिक्षकगण, कोर्स, विभाग, समितियों एवं प्रकोष्ठों के विषय में बताया।

# व्यापारियों को 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाये




गोष्ठी को सम्बोधित करे हुए राहुल वर्मा।

**हल्दौर (चिंगारी)।** व्यापारी एकता परिषद द्वारा व्यापारी गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने व्यापारी एकता पर बल देते हुए सरकार से व्यापारियों को 300 यूनिट फ्री बिजली, बीमा व पेंशन देने की मांग की।

सोमवार की शाम शिव मंदिर धर्मशाला में आयोजित हुई गोष्ठी में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी ने कहा कि आज व्यापारियों की एकता बहुत जरूरी है। उनका संगठन किसी भी व्यापारी का शोषण, उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारी एकता परिषद सभी व्यापारियों के मान-सम्मान व हक की लड़ाई लड़ने वाला संगठन है। उन्होंने सरकार से व्यापारियों को 300 यूनिट तक फ्री बिजली देने, बीमा सुविधा देने व 20 साल से व्यापार कर रहे सभी व्यापारियों को 12 हजार रुपए सालाना पेंशन देने की मांग की। गोष्ठी में जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष नईम अंसारी, जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर प्रवीण वर्मा, जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी, काशिफ अंसारी, विनोद कुमार वर्मा, उस्मान फरीदी, विपिन वर्मा, फुरकान फरीदी, राकेश वर्मा, मयंक वर्मा, निसार अहमद, हाजी आसिफ सिद्दीकी, डीके सैनी, मौहम्मद फैसल सिद्दीकी, राजेश देवल, रोहित सैनी, मनोज वर्मा, उमेश वर्मा, सुधीश रस्तोगी, अजय रस्तोगी, नितिन दिवाकर आदि उपस्थित रहे। संचालन डीके सैनी ने किया। गोष्ठी के आयोजक विनोद कुमार वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## हल्दौर कार्यकारिणी का गठन

**गोष्ठी में व्यापारी एकता परिषद की नगर कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें संरक्षक विनोद कुमार वर्मा, निसार अहमद, मनोज वर्मा, अध्यक्ष विपिन वर्मा, महामंत्री मौहम्मद फैसल, उपमंत्री उस्मान फरीदी, उपाध्यक्ष नरेंद्र दिवाकर, संगठन मंत्री सतीश वर्मा, प्रवक्ता धीरज कुमार, रोहित सैनी, सदस्य सुरेंद्र सैनी, अजय वर्मा, विनोद वर्मा, रोहित कुमार, राजू देवल, नरदेव सिंह को चुना गया।**

# गुरुकुल स्कूल के छात्रों ने कार्यक्रम में समां बांधा




बिजनौर में देशभक्ति का कार्यक्रम प्रस्तुत करते गुरुकुल इंटरनेशनल के बच्चे।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर के एमडी डालचंद पाल ने बताया कि कारगिल विजय दिवस की 27 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन बिजनौर के द्वारा जे.वी.एस. बिजनौर में तथा वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति एवं पूर्व सैनिक पर्यावरण समिति नजीबाबाद द्वारा साहनपुर स्थित एक प्रतिष्ठान में कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। उक्त कार्यक्रमों में उनके स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में उपस्थित रिटायर्ड मेजर जनरल अशोक गहलोत (सेना मेडल), सदर विधायक पति ऐश्वर्य मौसम चौधरी, मेजर दानिश फारूखी, नगर पालिका परिषद सदर की चेयरपर्सन इंदिरा देवी, जिला सैनिक अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों ने बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित भी किया गया। उधर स्कूल के एमडी एवं पूर्व सैनिक डालचंद पाल ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। पूर्व सैनिक पर्यावरण संरक्षण समिति नजीबाबाद ने गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए शुभकामनायें प्रेषित कीं।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर निराश्रित पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जिन मार्गों से कांवड़िये गुजरेंगे, उन रास्तों से आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है, ताकि यात्रा सुचारु और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत जयसिंह जोत उर्फ बादीगढ़ में भी प्रशासन के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। ग्राम प्रशासक के प्रतिनिधि नौबहार सिंह सैनी ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के निर्देशानुसार कांवड़ यात्रा मार्ग से आवारा पशुओं को हटाकर गौशाला भेजा गया है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अभियान में रोजगार सेवक जयवीर सिंह के साथ धर्मवीर सिंह, जितेंद्र, राम सिंह, कन्हैया सिंह, नरेंद्र सिंह, बाबू सिंह और चेतन सिंह सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। प्रशासन ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# बी.एससी. (ऑनर्स) जूलॉजी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**बिजनौर (चिंगारी)।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित बी.एससी. (ऑनर्स) जूलॉजी विभाग तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की है। परीक्षा परिणाम में मनी चौधरी एवं प्रेरणा थापा ने (81.12 प्रतिशत) अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृतिका शर्मा ने (77.87 प्रतिशत) अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा मौ.अफजल ने (76.12 प्रतिशत) अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.(डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर राजकुमार एवं समस्त प्राध्यापकों एकता त्यागी, विजेंदर सिंह, पुनीत कुमार, हर्ष राजपूत, लेखराज सिंह, सिमरन भारद्वाज, विनीता देवी एवं अनुज कुमार ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करेंगे।


अफजल


कृतिका शर्मा


मनी चौधरी


प्रेरणा थापा

# वर्धमान कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**बिजनौर (चिंगारी)। वर्धमान कॉलेज की प्राचार्या ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कालेज में स्नातकोत्तर (एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल) तथा एम कॉम एवं एम एससी (भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन, जन्तु विज्ञान) पूर्वार्द्ध 2026-27 में प्रवेश हेतु प्रक्रिया चल रही है, जिसकी अंतिम तिथि 30 जुलाई 2026 है। प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं समर्थ पोर्टल पर गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद पर रजिस्ट्रेशन कराकर प्रिंट आउट सहित कालेज के मेन गेट पर स्थित हेल्प डेस्क से प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त कर सम्बंधित विभाग से सम्पर्क करें।**

चिंगारी
खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# हसन हमीदी ने पास की नीट परीक्षा, स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** जेनेसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के होनहार छात्र हसन हमीदी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) में शानदार कामयाबी हासिल कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। हसन हमीदी ने नीट परीक्षा में 565 अंक हासिल कर ऑल इंडिया 26,186वीं रैंक प्राप्त की है। उनकी इस कामयाबी पर विद्यालय परिवार की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। ग्राम भगवंतपुर निवासी हमीद अली के पुत्र हसन हमीदी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी काफी सक्रिय रहे हैं। वह जेनेसिस विद्यालय की वॉलीबॉल टीम के कप्तान रह चुके हैं। अपनी कामयाबी पर हसन हमीदी ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके माता-पिता, वॉलीबॉल कोच अमित घिल्डियाल, प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह और गुरदीप कौर का खास योगदान रहा है। इस मौके पर जेनेसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंध निदेशक (एमडी) सनप्रीत सिंह सहोता ने हसन हमीदी को नकद राशि देकर सम्मानित किया।



# ऑरेंज अलर्ट : देहरादून, टिहरी और उत्तरकाशी में बाढ़ का खतरा

**देहरादून ( चिंगारी )।** मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए देहरादून, टिहरी गढ़वाल और उत्तरकाशी जनपद के कुछ क्षेत्रों में कम से मध्यम स्तर की अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) की आशंका जताई है। जारी चेतावनी के अनुसार सेलाकुई, विकासनगर, मसूरी, धानोल्टी, लच्छीवाला, चिन्यालीसौड़, डुंडा, भटवाड़ी तथा आसपास के क्षेत्रों में अचानक जलस्तर बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने लोगों से नदी-नालों और बरसाती गदेरों के आसपास जाने से बचने, अनावश्यक यात्रा न करने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष सतर्कता बरतने और मौसम की ताजा जानकारी पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग को भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।


मलवा हटाते हुए जेसीबी।

## मिनी हाफ मैराथन दौड़ कराई धावकों ने अपनी प्रतिभा दिखाई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जय देवभूमि फाउंडेशन की ओर से आयोजित चतुर्थ मिनी हाफ मैराथन में 650 से अधिक धावकों ने दौड़ लगाई, जिसमें जूनियर बालक वर्ग में आशीष, रोहित, अक्षित, बालिका वर्ग में समीक्षा, हर्षिता, सोनिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में विजय, निपेंद्र, सुराज, बालिका वर्ग में अंकिता, निकिता, नव्या क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

मिनी हाफ मैराथन का शुभारंभ सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्रपाल पटवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला और पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनीता कोटनाला ने हरी झंडी दिखाकर किया। ओपन बालक वर्ग में अनुज नेगी, मोहित सैनी, प्रेम राठी, बालिका वर्ग में शीतल, काजल, रीता मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाया। गढ़वाल राइफल्स एमटी कैंप के पंकज सिंह, रंजीत सिंह, ऋषभ क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। आयोजन में जय देवभूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवानंद लखेड़ा, देवभूमि पहल समिति के अध्यक्ष शिवम नेगी, महासचिव उत्कर्ष नेगी आदि स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

## सेना के अदम्य साहस, शौर्य एवं बलिदान का प्रतीक है कारगिल विजय दिवस : अनिता

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्व मेयर श्रीमती अनीता ममगाई ने अमर शहीद कैप्टन अमित सेमवाल स्मारक पहुंचकर अमर वीर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।



श्रीमती ममगाई ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। हमारे वीर जवानों ने दुर्गम पहाड़ियों पर, विपरीत परिस्थितियों में दुश्मन को परास्त कर तिरंगे की शान को बरकरार रखा। कैप्टन अमित सेमवाल जैसे वीर सपूतों के बलिदान के कारण ही आज हम सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजन हमारे लिए पूजनीय हैं और उनके सम्मान व कल्याण के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक व पार्षद बीरेन्द्र रमोला, शहीद के पिता तारादत्त सेमवाल एवं बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, शहीद के परिजन, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रील बनाने के लिए हाथियों को चिढ़ा रहे, पत्थर मार कर उनको आक्रामक बना रहे

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार-पुलिंडा-रामड़ी मोटरमार्ग समेत नेशनल हाईवे में लोग इंटरनेट मीडिया पर रील बनाने के लिए हाथियों को उकसा रहे हैं। रील बनाने की ये होड़ लोगों की जान पर भारी पड़ सकती है। लोगों के चिढ़ाने से हाथी आक्रमक हो रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों से इंटरनेट मीडिया पर ऐसे कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं, जिनमें हाथी युवकों के पीछे दौड़ता दिखाई दे रहा है। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की लापरवाही कभी भी मानव-वन्यजीव संघर्ष का कारण बन सकती है। लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज के गिवई बीट से होकर गुजरने वाला यह मार्ग सुबह-शाम सैर करने वालों के बीच लोकप्रिय है। हालांकि, यह क्षेत्र हाथी, गुलदार समेत अन्य वन्यजीवों की आवाजाही वाला इलाका है। बारिश के मौसम में जंगलों में पनपने वाले कीटों से बचने के लिए हाथी अक्सर सड़क पर आ जाते हैं। इसके बावजूद कुछ लोग हाथियों के पास जाकर वीडियो बनाते हैं और उन्हें चिढ़ाने के लिए पत्थर तक फेंक देते हैं। इससे हाथी आक्रामक हो रहे हैं। कुछ दिन पहले भी एक हाथी ने कुछ युवकों की ओर दौड़ लगा दी। हालांकि, सभी युवक सुरक्षित बच निकले। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर पहले भी हाथी लोगों पर हमला कर चुके हैं और एक पुलिसकर्मी हाथी के हमले में अपनी जान भी गंवा चुका है।

## ढह गई पुलिया की सुरक्षा दीवार वाहनों का आवागमन हुआ दुश्वार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शहरी इलाके को घाड़ क्षेत्र से जोड़ने वाले कोटद्वार-पुलिंडा मार्ग पर लम्बे समय से क्षतिग्रस्त डाट पुलिया से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। पुलिया की सुरक्षा के लिए बनाई गई दीवार ढहने के कारण इसका अधिकांश हिस्सा धराशायी हो चुका है। यदि पुलिया ढह गई तो घाड़ क्षेत्र से कोटद्वार शहर का संपर्क पूरी तरह कट जाएगा। कोटद्वार से पुलिंडा तक करीब 25 किलोमीटर के इस सफर में पांच से अधिक पुलिया हैं। एक वर्ष पूर्व ही संबंधित विभाग ने पुलिया की सुरक्षा के लिए इनके आसपास दीवार का निर्माण करवाया था। लेकिन, कोटद्वार से करीब आठ किलोमीटर दूर एक पुलिया की सुरक्षा दीवार हल्की वर्षा भी नहीं झेल पाई। नतीजा, पुलिया की दीवार क्षतिग्रस्त होने से पुलिया पर खतरा मंडराने लगा है। पुलिया का अधिकांश हिस्सा ढह चुका है। जिस कारण मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहनों को पर्याप्त मार्ग नहीं मिल पा रहा। ऐसे में कब वाहन अनियंत्रित होकर पलट जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, प्रतिदिन इस मार्ग पर सैकड़ों वाहन आवागमन करते हैं। पुलिया मरम्मत के लिए घाड़ क्षेत्र के लोग कई बार जनप्रतिनिधि व अधिकारियों से गुहार भी लगा चुके हैं। लेकिन, हालात जस के तस बने हुए हैं।

## बच्चों को शिक्षा दिलायें, लेकिन संस्कारवान भी बनायें - धर्मेन्द्र

### बाल संत समागम आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** संत निरंकारी मिशन की ओर से आयोजित बाल संत समागम में बच्चों को संस्कारवान बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अभिभावकों से बच्चों को अध्यात्म से जोड़ने का भी आह्वान किया गया। कोटद्वार स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित कार्यक्रम में महात्मा धर्मेंद्र पायल ने कहा कि बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा व भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें आत्मा, मानवता और ब्रह्मज्ञान से जोड़ना भी उतना ही आवश्यक है। कहा कि बाल समागम का उद्देश्य बच्चों के भीतर प्रेम, सेवा, विनम्रता, अनुशासन, करुणा और मानवता जैसे संस्कारों का विकास करना है। विज्ञान मनुष्य को चांद तक पहुंचा सकता है। लेकिन, मनुष्य को मनुष्य से जोड़ने का कार्य केवल मानवता और ब्रह्म-ज्ञान ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाल समागम जैसे आध्यात्मिक आयोजनों में बच्चों को कुछ घंटों के सत्संग के माध्यम से ऐसे जीवनोपयोगी संस्कार प्राप्त होते हैं, जो उन्हें सेवा, सद्भाव, आज्ञाकारिता, सम्मान और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि जिस प्रकार वे बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहते हैं उसी प्रकार उन्हें नियमित रूप से सत्संग व बाल समागम से भी जोड़ें।

## रोटरी क्लब क्लासिक ने जंगलों में एक हजार पेड़ों के बीच 'सीड बाल' डाले

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब क्लासिक ऋषिकेश द्वारा बीन नदी के पास जंगलों में सीड बॉल कार्यक्रम रखा गया जिसमें लगभग 200 सीड बॉल लगभग एक हजार पेड़ों के बीच जंगलों में डाले गए। रोटरी क्लासिक के अध्यक्ष संजय सकलानी ने सीड बॉल के बारे में बताते हुए कहा कि बीजों को जब क्ले मिट्टी तालाब की मिट्टी या गोबर से 1/2 इंच से 1 इंच का गोल-गोल गोलियां में सुरक्षित कर लिया जाता है उसे सीड बॉल कहते हैं। उन्होने कहा इस बार क्लब में पौधे ना लगाकर सीड बॉल का उपयोग किया गया है। यह मिट्टी और खाद की गेंद होती है जिसमें लगभग 8 या 9 बीज होते हैं और बिना पानी के भी पर्याप्त नमी मिलते ही अपनी जड़ में अनुकुल परिस्थिति मिलते ही वह अंकुरित हो जाता है।

क्लब के सचिव विजय रावत ने कहा कि पर्यावरण के हित में पर्यावरण को सुंदर व हरा भरा बनाने के लिए सीड बॉल का कार्यक्रम रखा गया है और आगे भी क्लब वृक्षारोपण और सीड बॉल कार्यक्रम जारी रखेगा। इस मौके पर क्लब के कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, राकेश अग्रवाल, भूपेंद्र राणा, सौरव शर्मा, सौरव वर्मा, डॉ. राजे नेगी, अंकित गुप्ता, हिमांशु जाटव, विकास चौहान आदि उपस्थित थे।



# नकली पनीर बनाने की डेयरी का पर्दाफाश

## दूध पाउडर व फारेन फैट से नकली पनीर बनाते पकड़ा

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** हरिद्वार के कांगड़ी स्थित गुर्जर डेरी पर सोमवार को थाना श्यामपुर पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नकली पनीर बनाने वाली इकाई का पर्दाफाश किया है। कांगड़ी स्थित गुर्जर डेरी काफी समय से कांगड़ी में स्थित है तथा क्षेत्रवासी दबी जवान में इस की गुणवत्ता पर उंगली उठाते रहते थे लेकिन सटीक सबूत व मजबूत पकड़ के कारण लोग डेयरी संचालक के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने से कतराते थे। कोतवाली श्यामपुर प्रभारी नितेश शर्मा को सोमवार को मिली सटीक सूचना पर श्याम पुर पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कांगड़ी स्थित गुज्जर डेयरी पर छापेमारी की। टीम को मौके पर दूध पाउडर और फॉरेन फैट से पनीर बनता मिला। छापेमारी के दौरान



डेयरी परिसर में एक एल्युमिनियम कंटेनर में विक्रय के लिए तैयार लगभग 50 किलो पनीर बरामद हुआ। पूछताछ में डेयरी संचालक के भाई शराफत अली ने बताया कि पनीर तैयार करने में दूध पाउडर और फॉरेन फैट का उपयोग किया जा रहा था। मौके से दूध पाउडर के लगभग 50 खाली पैकेट भी टीम ने जब्त किये। टीम ने मौके से पनीर और दूध के 02 खाद्य नमूने लेकर परीक्षण के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, रुद्रपुर भेजे हैं।जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शेष बचे लगभग 49 किलो नकली पनीर को मौके पर ही जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर दबाकर नष्ट कराया गया।

निरीक्षण में डेयरी संचालक इमानत अली के पास उपलब्ध फूड लाइसेंस केवल रिटेल बिक्री के लिए था, जबकि उसी लाइसेंस पर दुग्ध उत्पादों का निर्माण किया जा रहा था। इस अनियमितता पर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन द्वारा डेयरी संचालक इमानत अली और शराफत अली को खाद्य सुरक्षा एवं मानक के तहत नोटिस जारी किया गया। संयुक्त टीम में श्यामपुर कोतवाली प्रभारी नितेश शर्मा, एएसआई रविन्द्र गौड़, का. मनमोहन सैनी, का. सुशील, उपायुक्त खाद्य सुरक्षा गढ़वाल मंडल राजेंद्र सिंह रावत, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी महिमानन्द जोशी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार शामिल थे।

## हरिद्वार में 30 जुलाई से 11 अगस्त तक स्कूलों में रहेगी छुट्टी



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** कांवड़ मेले को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और हरिद्वार पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। सोमवार को प्रेस क्लब में आयोजित संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि मेले के लिए सभी विभागों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सेक्टरवार अधिकारियों की तैनाती की गई हैं और जहां भी कोई कमी मिलेगी, उसे तत्काल दूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई से 11 अगस्त तक विद्यालयों में अवकाश रहेगा। ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होंगी। खाद्य सुरक्षा विभाग को मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कार्रवाई और दुकानों पर रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून, राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्माण कार्य और कुंभ-2027 की तैयारियों के बावजूद श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### पहली बार कांवड़ मेले में साइबर कमांडो तैनात

एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि इस बार पहली बार कांवड़ मेले में साइबर कमांडो तैनात किए जा रहे हैं, जो सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रखेंगे। भ्रामक, फर्जी और एआई जनरेटेड वीडियो पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को कांवड़ यात्रा से अलग रखा जाएगा, जबकि डीजे वाहनों पर निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। मेले की सुरक्षा के लिए अन्य जनपदों से अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए दोनों अधिकारियों ने प्रशासन और पुलिस की तैयारियों की जानकारी दी।

## 16 करोड़ की लागत से बना पुल पहली ही बड़ी बारिश में धंसा

### निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

**देहरादून ( चिंगारी )।** देहरादून-पांवटा साहिब पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग पर नंदा की चौकी स्थित टौंस नदी पर करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्निर्मित मुख्य पुल पहली ही बड़ी बारिश में धंस गया। हाल ही में यातायात के लिए खोले गए इस पुल में कुछ ही दिनों के भीतर आए गंभीर धंसाव ने लोक निर्माण विभाग की निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



स्थानीय लोगों के अनुसार पुल के एक हिस्से में अचानक भारी धंसाव होने से आवागमन प्रभावित हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पुल का निरीक्षण शुरू किया। सुरक्षा के मद्देनजर पुल पर यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की जा रही है।

प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि लगातार हो रही बारिश के बीच पुल के एप्रोच या संरचना के किसी हिस्से में क्षति आई है। हालांकि धंसाव के वास्तविक कारणों का पता जांच रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

पुल के निर्माण पर करीब 16 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। ऐसे में पहली ही बड़ी बारिश में पुल के धंसने की घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## हर घर तिरंगा अभियान से राज्य में देशभक्ति की अलख जगाएगी भाजपा

### पीएम मोदी के नेतृत्व में तिरंगा अभियान बना राष्ट्रभक्ति का जन आंदोलन : भट्ट

देहरादून (चिंगारी)। भाजपा, व्यापक स्वरूप में हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा अभियान से राज्य भर में देशभक्ति की अलख जगाने जा रही हैं, जिसके तहत 14 अगस्त से घर घर तिरंगा फहराने के साथ पदयात्रा, शहीदों का सम्मान, जनजागरण कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ा जायेगा। सभी कार्यक्रमों के सफल समन्वय, संचालन और सफलता के दृष्टिगत प्रदेश टीम का गठन भी किया गया है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि विगत वर्षों की तरह इस बार 10 अगस्त से 15 अगस्त तक घर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। मंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों के क्रम में 13 से 15 अगस्त के दौरान राज्य के प्रत्येक घर में तिरंगा लगाने के लक्ष्य पर कार्य किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट के निर्देशानुसार पार्टी के सभी विधायक, सांसद, सरकार में मंत्री एवं जनप्रतिनिधि सभी, कार्यकर्ता के सहयोग से कार्यक्रमों में व्यापक जन भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। जिसके क्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शैलेंद्र बिष्ट के संयोजन में प्रदेश की अभियान टीम का गठन किया गया है। उनके साथ सह संयोजक के रूप में गुंजन सुखीजा, गौरव पांडेय और विपुल मैंदोली को जिम्मेदारी दी गई है। अभियान को लेकर अपने संदेश में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ हर घर तिरंगा अभियान आज एक राष्ट्र भक्ति का जन आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। इसने प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, गौरव और आत्मीयता की भावना को और सशक्त किया है।

## राशन कार्ड के सत्यापन के दौरान पात्र परिवारों के काट दिये नाम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम के वार्ड संख्या-37 झंडीचौड़ पश्चिमी के पार्षद सुखपाल शाह ने एसडीएम संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपकर राशन कार्ड सत्यापन के दौरान पात्र परिवारों के नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताई। मांग की कि ऐसे सभी गरीब, विधवा और जरूरतमंद परिवारों का दोबारा सत्यापन कर उन्हें पुन: खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिलाया जाए। पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि अपात्र लोगों के नाम हटाना उचित है लेकिन वास्तविक पात्रों को योजना से वंचित करना अन्याय है। उन्होंने कहा कि कई परिवार केवल विधवा पेंशन या सीमित सहायता पर निर्भर हैं और राशन कार्ड कटने से उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में सुमित्रा देवी, सुलोचना देवी, देवेश्वरी देवी समेत कई जरूरतमंद महिलाओं के नाम शामिल करते हुए उन्हें पुन: बीपीएल अथवा सफेद राशन कार्ड श्रेणी में शामिल करने की मांग की गई।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# कांवड़ियों का रखा जायेगा पूरा ख़याल

## किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जायेगी– थाना प्रभारी



**किरतपुर ( चिंगारी )**। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने तथा कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए थाना किरतपुर में मीडियाकर्मियों की एक अहम मीटिंग बुलाई गई, जिसमें अनेक पत्रकारों ने भाग लिया। मीटिंग में बोलते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि किरतपुर थाना क्षेत्र में सावन कांवड़ का कोई खास आवागमन नहीं है, फिर भी कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो, इसलिए कृषक भारती इंटर कॉलेज भोजपुर के पास शनिदेव मंदिर तथा कुम्हड़े बस स्टैंड पर तथा मोतीचूर तिराहे पर कांवड़ सहायता शिविर पुलिस की ओर से लगाए गए हैं। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 18 किलोमीटर के दायरे को 9 सेक्टरों में बांटा गया है, जहां 24 घंटे पुलिस की ड्यूटी रहेगी। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने आगे बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित खंभों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। पुलिस का हर संभव प्रयास रहेगा कि कांवड़ियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांसाहारी होटल पूरी तरह बंद रहेंगे तथा आज 28 जुलाई से जल चढ़ने तक मांसाहारी सभी दुकान, होटल प्रतिबंधित रहेंगे।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP
Kitne Bhare Hue Pait, Kitne Khet.
Apni Godh Mein Le Jaa Rahi Hai
APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)
Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562
CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

प्लॉट बिकाऊ है
किरतपुर में एक कॉमर्शियल प्लॉट बिकाऊ है। तुलाज मार्केट निकट नगीना चौराहा, किरतपुर में 160 गज ( 30.47.5 ) का एक कॉमर्शियल प्लॉट बिकाऊ है। सम्पर्क करें
मो. 9627680957

NEET के बाद
सही दिशा, सही मार्गदर्शन
सपना आपका, साथ हमारा!
देश / विदेश से एम.बी.बी.एस, स्टडी वीज़ा के लिए सम्पर्क करें
हमारे प्रमुख डेस्टिनेशन: कजाखस्तान, रूस, जॉर्जिया, किर्गिजस्तान, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल & More...
M.B.B.S. ABROAD Your's Leading Education Consultant
अंजुम कलीम (एम.डी.)
M.B.B.S.
BAMS, BUMS, BDS, BHMS
15+ YEARS OF EXPERIENCE
यूनिवर्सिटी सेलेक्शन | एडमिशन गाइडेंस | डॉक्युमेंटेशन सपोर्ट | वीजा प्रोसेसिंग | ट्रैवल सपोर्ट
सही मार्गदर्शन, उज्ज्वल भविष्य!
मोईन का चौराहा, चाहशीरी, बी-21, बिजनौर (उ.प्र.)
Call / WhatsApp 8384872313
Website www.mbbsbijnor.com
SCAN ME!
आपका सपना, हमारी ज़िम्मेदारी!

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
TRULY FANTASTIC fybros
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476
Breezolit

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर